Dr. Ram Monohar Lohia : There are two aspects of Gandhism, one is *satyagraha* against evil and injustice and the other is promoting goodness. Have the Minister of Education tried to see that injustice is not done to Gandhism by taking only the aspect of promoting goodness and ignoring the other aspect of *Satyagraha* and if so, may I know the nature of efforts made?

श्री मु० क० चागला : गांधी भवनों को स्थापित करने का सारा उद्देश्यही यही है। इन में उस दर्शन आदर्शों और सिद्धांतों की शिक्षा दी जानी चाहिये जिनमें गांधीजी विश्वास रखते थे। आशा है वे लोग जो यहां अध्ययन करेंगे वे इस सिद्धांतों को अपनायेंगे।

अध्यक्ष महोदय : वह कहते हैं कि सत्याग्रह वाले पहलू को छोड़ दिया गया है और दुसरे पहलू पर ही बल दिया जा रहा है।

श्री मु० क० चागला : सत्याग्रह तो गांधीजी का मूल सिद्धांत था ....

Dr. Ram Manohar Lohia : Mr. Speaker, I am aware of this fact that *satyagraha* aspect has totally been eliminated and only the other aspect of promoting goodness has been taken up and Gandhism has been ignored. That is why I put this question.

Mr. Speaker : It is what he is replying.

Dr. Ram Manohar Lohia : That has not been replied. Kindly help me in getting a reply from him.

श्री स० चं० सामन्त : क्या सरकार यह जानती है कि अखिल भारतीय गांधी शताब्दी समिति देश में गांधी भवन आरम्भ करना चाहती है और यदि हां तो क्या सरकार 50 : 50 के आधार पर इसकी भी सहायता करेगी ?

श्री मु० क० चागला : जैसा कि मैंने बताया, शताब्दी समिति के कार्यक्रम के अतिरिक्त हमने एक परियोजना बनाई है। शताब्दी तो 1969 में है और इसको मनाने के लिये भिन्न कार्यक्रम तैयार किया जा रहा है। परन्तु इस से पहले हमने एक कार्यक्रम तैयार किया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने गांधी भवनों को स्थापित करने के लिये 40 विश्वविद्यालयों को सहायता देने की बात को मान लिया है।

श्री हरि विष्णु कामत : इस बात को ध्यान में रखते हुए कि लोकमान्य तिलक, महात्मा गांधी तथा नताजी सुभाष चन्द्र बोस भारत के स्वाधीनता संग्राम के त्रिपक्षीय नेतृत्व के प्रतिनिधि और अशान्ति की क्रान्तिकारी अवस्था, संग्राम तथा क्रान्ति के प्रतीक थे, क्या इन तीनों दर्शनों का अध्ययन करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है जिससे एक एकीकृत दृष्टिकोण को उन्नत किया जा सके न कि केवल किसी एक पक्षीय दृष्टिकोण को ?

श्री मु० क० चागला : मेरे विचार में विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों को हमारे सभी महान नेताओं के सिद्धांतों तथा आदर्शों का अध्ययन करना चाहिये। परन्तु गांधीजी उन में से महानतम थे, इस लिये विशेषरूप से गांधी भवनों को स्थापित किया जा रहा है।

मैं अपने माननीय मित्र की इस बात से सहमत हूं कि उन्हें उन सिद्धान्तों का भी अध्ययन करना चाहिए जिनमें नेताजी, तिलकजी और नेहरूजी का विश्वास था। इस समय हम केवल एक ही नेता के बारे में बात कर रहे हैं जिस महानतम नेता को भारत ने उत्पन्न किया है।

श्री अ० ना० विद्यालंकार : अब तक किस प्रकार का अनुसन्धान किया गया है? क्या उन्होंने कोई प्रकाशन निकाला है ?

श्री मु० क० चागला : यदि मेरे माननीय मित्र मुझे इस बारे में लिखेंगे तो मैं यह जानकारी दे दूंगा। यह जानकारी अभी मेरे पास नहीं है।

Shri Rameshwaranand : Mr. Speaker, the hon. Minister has just pointed out that Gandhi Bhawans are being established to study the philosophy of Gandhiji who was the greatest leader of India, may I know whether government contemplate to institute studies of the philosophy of Swamy Dayananda who had done everything possible to shake the foundation of the British Raj even before Gandhiji and who had written that our own ruler is far better than a foreign ruler even if the latter is imbued with parental affection.

श्री मु० क० चागला : मैं स्वामी दयानन्द का बहुत सम्मान और आदर करता हूं। मुझे विश्वास है कि कोई विद्यार्थियों द्वारा उनके दर्शन का भी अध्ययन किया जा रहा है, समझा जा रहा है और सराहना की जा रही है। मेरे विचार में एक नेता की दूसरे नेता से तुलना करना द्वेषात्मक बात है। भारत को इस बात का गर्व है कि यहां कई महान विभूतियां हुई हैं। मैं इस विवाद में नहीं पड़ना चाहता हूं कि अधिक महान नेता कौन था।

Shri Sheo Narain : How do the Govt. propose Gandhiji's gospel that truth is god and god is truth.

डा० मा० श्री० अणे : गांधी जी के सिद्धांतों का अध्ययन करने के लिये स्थापित किये जा रहे गांधी भवनों के कार्य-भार के लिये जिम्मेदार कौन होगा ?

श्री मु० क० चागला : इनका संचालन विश्वविद्यालयों द्वारा किया जा रहा है। इनमें योग्य अध्यापक होंगे और साहित्य होगा।

श्री दी० चं० शर्मा : क्या यह सच है कि कुछ विश्वविद्यालयों को, जिनमें गांधी भवन बनाये गये हैं, गांधीवाद के सिद्धांतों पर भाषण देने के लिये योग्य व्यक्तियों की सेवायें उपलब्ध करने में काफी कठिनाई होती है और यदि हां, तो इन गांधी भवनों के लिये ऐसे व्यक्ति उपलब्ध कराने के बारे में क्या प्रयत्न किये जा रहे हैं ?

श्री मु० क० चागला : अभी तो बहुत ही कम विश्वविद्यालयों में गांधी भवन काय कर रहे हैं। ये केवल चार है दिल्ली, नागपुर, पंजाब तथा राजस्थान—और हमें इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि इन विश्वविद्यालयों को अध्यापकों की सेवायें उपलब्ध करने में कोई कठिनाई होती है।

श्री दी० चं० शर्मा : मैं पंजाब विश्वविद्यालय के बारे में कह रहा था। वे न ही किसी प्रवाचक को और न ही किसी प्राध्यापक की सेवायें उपलब्ध कर सके हैं।

Shri Yamuna Prasad Mandal : Will the establishment of Gandhi Bhavans in all the universities of India be completed by 1969 and whether a Gandhi Bhavan will also be established in that part of Champaran where he had started this great work ?

श्री मु० क० चागला : मेरे विचार में बिहार विश्वविद्यालय ने इसके लिये नहीं कहा है...... मुझे खेद है, भागलपुर विश्वविद्यालय ने इस के लिये कहा है।

श्री कपूर सिंह : क्या सरकार को इस बात का पता है कि गांधी दर्शन टालस्टाय और ईसाई धर्म द्वारा अपनाये गये जैन धर्म के कुछ सिद्धान्तों का दूसरा नाम ही है और यदि हां तो हमारा धर्मनिरपेक्षवाद कितना धर्मनिरपेक्षवादी है ?

श्री मु० क० चागला : मेरे विचार में सभा यह नहीं चाहती है कि मैं गांधी दर्शन पर कोई भाषण दूं। मैं माननीय मित्र को किसी उचित समय बताऊंगा कि गांधी दर्शन के बारे में मेरी क्या धारणा है ।

Shrimati Sahodra Bai : Will the hon. Minister be pleased to state whether portrait of Kasturba would be kept in Gandhi Bhavans along with that of Gandhi-ji as the portrait of Sita is kept along with that of Rama and worshipped.

कलकत्ता के उद्योगपतियों की गिरफ्तारी

\+
*719. **श्री इन्द्रजीत गुप्त :**

श्री यशपाल सिंह :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 9 अक्तूबर, 1965 को कलकत्ता में भारत रक्षा नियमों के अन्तर्गत दो बड़े उद्योग-पतियों को गिरफ्तार किया गया था ;

(ख) यदि हां, तो क्या वे किसी राष्ट्र विरोधी कार्यवाही से संबद्ध थे ; और

(ग) सरकार ने उनके विरुद्ध क्या कार्यवाही की ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) से (ग) : दो उद्योगपतियों को सार्वजनिक सुरक्षा के लिये हानिकारक ढंग पर कार्य करने से रोकने और जन-व्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से भारत रक्षा नियमावली के नियम 30 के अधीन 8 अक्तूबर को नजरबन्द किया गया, न कि 9 अक्तूबर, 1965 को ।

श्री इन्द्रजीत गुप्त : क्या इन दो व्यक्तियों के नाम गजराज सरोगी और पन्नालाल सरोगी हैं और क्या यह सच है कि वह भारत विरोधी गतिविधियों में भाग ले रहे थे और इसके लिये धन की व्यवस्था पाकिस्तान में उनके साझीदार कर रहे थे ?

श्री ल० ना० मिश्र : नाम ठीक हैं और वह 4, थेटर मार्ग, कलकत्ता के निवासी हैं । यह भी ठीक है कि वह कुछ संदिग्ध सौदे कर रहे थे और पश्चिम बंगाल सरकार ने इसी लिये उन्हें नज़रबन्द किया हुआ है ।

श्री इन्द्रजीत गुप्त : क्या सरकार को इस प्रकार की कोई जानकारी है कि कलकत्ता में पाकिस्तानी उप उच्चायुक्त के कार्यालय का इन दो व्यक्तियों से निरन्तर परस्पर संबंध था और उनकी गिरफ्तारी से कुछ ही समय पूर्व, इसकी आशंका होने पर बहुत से कागज़ात उस कार्यालय में पहुंचा दिये गये और वहां उन्हें गुप्त रूप से जला दिया गया, नष्ट कर दिया गया ?

श्री ल० ना० मिश्र : मुझे इसकी जानकारी नहीं है । राज्य सरकार ने उन्हें भारत सुरक्षा नियमों के नियम 30 के अन्तर्गत नज़रबन्द किया है । उन्होंने हमें ब्यौरा नहीं भेजा और न ही ऐसा करना उनके लिये आवश्यक है । इस समय हम ने उन से ब्योरा नहीं मांगा है ।

Shri Yashpal Singh : May I know whether Government have prepared a list of those capitalists who are donating crores of rupees to Pakistan so that the names of such traifors might be known to the country like the proprietors of Delhi Cloth Mills, Bharat Ram Charat Ram who have donated Rs. 20 lakhs towards Pakistan National Defence Fund, whereas they have donated only Rs. 1 lakh in India towards this Fund ?

Shri L. N. Mishra : There are many kinds of lists. We prepare lists of all those persons who have connections with Pakistan in any way but we do not want to disclose their names.

Shri Yashpal Singh : They are donating crores of rupees. They should be named.

श्री त्रिदिब कुमार चौधरी : माननीय मंत्री ने अभी कहा कि इन दोनो सरोगी उद्योगपतियों के विरुद्ध जासूसी का आरोप है और यदि ऐसा है तो क्यों . . . .

अध्यक्ष महोदय : उन्होंने 'जासूसी' तो नहीं कहा। उन्होंने तो यह कहा था कि वह व्यक्ति संदिग्ध सौदों के दोषी थे अथवा उनपर ऐसी गतिविधियों का संदेह था।

श्री त्रिदिब कुमार चौधरी : संदिग्ध सौदे का संबंध क्या पाकिस्तान को जानकारी देने से है अथवा जासूसी करने से ?

अध्यक्ष महोदय : मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि मंत्री महोदय ते शब्द 'जासूसी' का प्र ोग नहीं किया है।

श्री इन्द्रजीत गुप्त : श्रीमन्, मेरा व्यवस्था का प्रश्न है। मैं एक स्पष्टीकरण चाहता हूं। जब मंत्री महोदय ने शब्द 'संदिग्ध' का प्रयोग किया तो क्या यह प्रयोग शुद्ध वित्तीय अथवा व्यापारिक तौर पर था अथवा राजनीतिक तौर पर ?

श्री हरि विष्णु कामत : संदिग्धता किस रुप की है ?

अध्यक्ष महोदय : उन्होंने राज्य सरकार से इस बारे में कुछ नहीं पूछा।

गृह-कार्य मंत्री (श्री नंदा) : राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों का भी आरोप है।

श्री इन्द्रजीत गुप्त : आय-कर की चोरी का तो नहीं है ?

श्री नन्दा : जी नहीं। संदिग्ध तथा राष्ट्र-विरोधी **(अन्तर्बाधाएं)**

Shri Ram Sewak Yadav : On a point of order, Sir.

Mr. Speaker : No. Do not interrupt the proceedings of the house. Let us go ahead.

Shri Ram Sewak Yadav : The hon. Minister just now said 'shady and anti-national.' I do not know what is the objection in stating the nature of allegation against then. These questions are being raised because of this. If a clear reply is given, them no such question arise.

श्री स० मो० बनर्जी : श्रीमन्, श्री इन्द्रजीत गुप्त द्वारा उठाया गया व्यवस्था का प्रश्न बिल्कूल वास्तविक है।

अध्यक्ष महोदय : इसका उत्तर दिया जा चुका है।

श्री त्रिदिब कुमार चौधरी : समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ था कि इन व्यक्तियों को किसी प्रकार के अस्पष्ट संदिग्ध सौदे अथवा देश विरोधी गतिविधियों के लिये गिरफ्तार नहीं किया गया परन्तु वे पाकिस्तान सरकार की ओर से जासूसी कर रहेथे। क्या इस प्रकाशित आरोप में कोई सत्य है ?

श्री ल० ना० मिश्र : मैं तो कहूंगा कि पश्चिम बंगाल के माननीय सदस्य इन व्यक्तियों के बारे में जानते होंगे—भारत तथा पाकिस्तान में उनका बहुत बड़ा धंधा है और उनका पाकिस्तान सरकार के साथ सम्पर्क है। हां, उनके विरुद्ध विशिष्ट आरोपों की मुझे जानकारी नहीं है परन्तु जैसा माननीय गृह-मंत्री ने बताया कि वह राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में लगे हुये थे और मैं समझता हूं कि इस समय जबकि उनके विरुद्ध जांच हो रही है इन आरोपों का ब्योरा यहां देना लोक हित में न होगा।

श्री शिकरे : मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है।

अध्यक्ष महोदय : इस प्रकार तो समय नष्ट हो रहा है। मुझे तो कोई ऐसा प्रश्न दिखाई नही देता।

श्री शिकरे : मैं बार बार तो ऐसा प्रश्न नहीं उठाता हूं । पहले मंत्री महोदय ने कहा कि उनकी गतिविधियां संदिग्ध थीं फिर उन्होंने कहा कि वे राष्ट्रविरोधी भी थीं। इस प्रकार क्या मंत्री महोदय किसी की राष्ट्र विरोधी गतिविधियों पर पर्दा नहीं डाल रहे हैं ?

अध्यक्ष महोदय : मुझे तो ऐसा कोई नियम दिखाई नहीं देता जिसके अन्तर्गत यह सब आता हो ?

श्री शिकरे : मैं एक स्पष्टीकरण चाहता हूं ।

अध्यक्ष महोदय : स्पष्टीकरण चाहना व्यवस्था का प्रश्न नहीं है ।

श्री ही० ना० मुकर्जी : क्या सरकार इस देश के उन उद्योगपतियों पर ध्यानपूर्वक दृष्टि रखती है जिनके पाकिस्तान के साथ वित्तीय अथवा अन्य प्रकार के संबंध हैं और क्या यह ज्ञात होने पर कि उन्होंने पाकिस्तान के सुरक्षा कोष में यहां के सुरक्षा कोष की अपेक्षा कहीं अधिक दान दिया है क्या सरकार जांच करती है और उन परिस्थितियों में आवश्यक कार्यवाही करती है ?

श्री ल० ना० मिश्र : किसी भी सरकार को यह सब करना चाहिये ।

अध्यक्ष महोदय : ऐसा उत्तर उचित नहीं है । इस सरकार ने क्या किया है ?

श्री ल० ना० मिश्र : श्रीमन्, हम यह सब कर रहे हैं ।

श्री उ० म० त्रिवेदी : इस मामले में तो उचित कार्यवाही की गई है परन्तु क्या उन अधिकारियों के विरुद्ध भी ऐसी कार्यवाही की गई है जिनकी पत्नियां अब भी दिल्ली में पाकिस्तानी उच्चायुक्त के कार्यालय में जा रही हैं ?

श्री ल० ना० मिश्र : इसके लिये तो मुझे पूर्व सूचना चाहिये ।

अध्यक्ष महोदय : और वह इस प्रश्न से नहीं जोड़ी जायेगी ।

श्री उ० मू० त्रिवेदी : क्यों नहीं, श्रीमन् ? जब एक व्यापारी विशेष वहां जाये तो कार्यवाही की जाती है परन्तु जब किसी अधिकारी की पत्नी उस कार्यालय में जाये तो . . .

अध्यक्ष महोदय : वहां जाने की बात नहीं है ।

श्री उ० मू० त्रिवेदी : श्रीमन्, यह तो सुसंगत ही है । वे जो पाकिस्तानी उच्चायुक्त के कार्यालय से संबंध स्थापित कर रहे हैं .

अध्यक्ष महोदय : इस समय यह प्रश्न तो नहीं पूछा जा रहा ।

श्री उ० मू० त्रिवेदी : यही उत्तर तो यहां दिया गया है ।

अध्यक्ष महोदय : आप तो सुविख्यात विधिवक्ता हैं । न्यायालयों में तो यह सुसंगत हो सकता है परन्तु यहां प्रश्न काल के संबंध में यह सुसंगत नहीं है ।

शेख अब्दुल्ला

+

***721. श्री राम सहाय पाण्डेय :** **श्री च० का० भट्टाचा**
श्री यशपाल सिंह : **श्री विश्वनाथ पाण्डेय :**

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने शेख अब्दुल्ला के जो इस समय नज़रबन्द है, आने जाने पर प्रतिबन्ध लगाने और उन्हें दी गई विशेष स्थिति (स्टेटस) समाप्त करने का निर्णय कर लिया है; और

(ख) यदि हां, तो इस मामले में क्या निर्णय किया गया है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा संभरण मंत्री (श्री हाथी): (क) और (ख) : शेख मुहम्मद अब्दुल्ला पर पहले उटकमंड नगरपालिका की सीमा में रहने का प्रतिबन्ध था और कुछ समय बाद कोडाई कनाल नगरपालिका की सीमा में। सितम्बर में युद्ध-स्थिति के उत्पन्न होने पर कोडाई कनाल की खास इमारत में ही उनकी गतिविधियों को सीमित कर दिया गया था। उनके अन्य लोगों से मिलने-जुलने तथा पत्र व्यवहार करने पर जो कुछ प्रतिबन्ध शुरू में लगाए थे वे जारी रहे।

Shri Yashpal Singh : How could he be allowed to ride a horse when he has been detained on charge of treasons. He should instead be provided an ass to ride upon.

Mr. Speaker : He may put another question.

Shri Yashpal Singh : May I know the amount being spent on him daily ?

श्री हाथी : लगभग 1,000 से 1,500 रु० मासिक।

Shri Yashpal Singh : Mr. Dalip Kumar is very frequently going to see him. Why such special favours have been granted to him.

श्री हाथी : सरकार की आज्ञा से ही लोगों को उन से मिलने दिया जाता है।

Shri Sheo Narain : May I know how Mr. Dalip Kumar is specially interested in seeing him and whether he is making a film on him ?

The Minister of Home Affairs (Shri Nanda) : There is no such reason behind his frequently seeing him. As regards granting interviews to people, this is done only with the permission of Government, as already stated by my colleague. We have the names of all those persons who come to see him.

श्री च० का० भट्टाचार्य : क्या यह सच है कि, मद्रास सरकार ने शेख अब्दुल्ला को कोडइकनाल में रखने की जिम्मेदारी वहन न करने के लिये कहा है ?

श्री नन्दा : जी, नहीं।

Shri Tulsidas Jadhav : Whether any official is present at meetings of outsiders with Sheikh Abdullah and whether a record of these meetings is kept as was the practice when we were in jails ?

Shri Nanda : A record is properly maitained of all this.

Shri Prakash Vir Shastri : As stated by Shri Hathi about monthly expenditure incurred on him *viz.*, Rs. 1,500, may I know whether the rent of the building where he has been detained is also included therein ?

Shri Nanda : No building has been hired for him.

Mr. Speaker : But he has been kept some where at least.

Shri Nanda : He has been kept in a Government building.

अध्यक्ष महोदय : क्या इस व्यय में इसे भी जोड़ा गया है ?

श्री नन्दा : जी, नहीं।

Shri Yudhvir Singh : May I know whether this amount is being spent on him alone or whether some members of his family are also living with him and whether this amount includes expenditure on them also ?

Shri Nanda : Whatever expenditure is incurred there, is included therein.

अध्यक्ष महोदय : क्या वहां वह अकेले रहते हैं अथवा अपने परिवार के सदस्यों के साथ रहते हैं ?

Shri Nanda : Sometimes his wife also goes to live with him.

Shri Ram Sewak Yadav : Sheikh Abdullah is a political prisoner and as stated by the hon. Minister, a sum of Rs. 1,500 is being monthly spent on him excluding the rent on his residence. May I know why gross discriminatory treatment is meted out to other political prisoners like Shri Gopalan and Dr. Ram Manohar Lohia ?

Mr. Speaker : He is drawing a parallel between the two.

Shri Prakash Vir Shastri : Why special status has been granted to him ?

Mr. Speaker : The Hon. Member can ask why Sheikh Abdullah has been given special status ?

Shri Ram Sewak Yadav : The question relates to political prisoners.

Mr. Speaker : You might ask as to why a similar amount is not being spent on other political prisoners.

Shri Ram Sewak Yadav : So much money is not being spent on other political prisoners. I want to know the reasons of such discrimination ?

श्री नन्दा : विशेष कारण होते हैं और विशेष परिस्थितियां होती हैं। ऐसे निर्णय इन बातों तथा राष्ट्र हित में ही लिये जाते है। (अन्तर्बाधाएं)।

Shri Bagri : Whether giving special status to traitors is in the national interest.

Mr. Speaker : Shri Vishram Prasad.

Shri Bagri : On a point of orerd, Sir.

Mr. Speaker : There is no point of order involved at this moment.

Shri Bagri : Whether it is Government policy to spend so much on traitors and mete out discriminatory treatment towards well-wishers of the country ?

Mr. Speaker : What ruling could I give on this ?

Shri Bagri : The Government should state clearly whether it is thier policy to spend so much on traitors is in national interest ?

Mr. Speaker : Statement of Government's policy does not involve a point of order.

Shri Vishram Prasad : In reply to a similar question in Rajya Sabha the hon. Minister had stated that Rs. 22 lakhs were spent on Sheikh Abdullah in four months.

Shri Hathi : Rs. 22 lakhs ?

Shri Vishram Prasad : Yes Sir. This has been published in the press. I want to know how far it is correct.

Shri Hathi : Rs. 22 lakh were not told. But the total expenditure including that on Security and armed police etc. would have been told to be Rs. 22,000 for four months and not Rs. 22 lakhs.

Shri Vishram Prasad : It is not a question of would have been told. I have read in the papers that it was told to be Rs. 22 lakhs.

Shri Hathi : Not Rs. 22 lakhs but Rs. 22,000.

Mr. Speaker : Next question. Shri D. C. Sharma.

Shri Sheo Narain : Sir. My submission is that this question is very important for the country. Such treatment to the traitors....

Dr. Ram Manohar Lohia : Sir, I want to raise a point of order.

Mr. Speaker : There is no point of order at this moment.

Dr. Ram Manohar Lohia : One question remains. I want to raise a point of order on that.

Mr. Speaker : I have proceeded to the next question therefore there is no point of order on that now.

Dr. Ram Manohar Lohia : You are allowing a very important question to remain unanswered.

Mr. Speaker : I have allowed enough time on that. Five questions have taken a full hour already.

Shri Hukam Chand Kachhavaiya : Why so much money is being spent on such a traitor ?

Mr. Speaker : Next question.

होम गार्ड

\+

*723. **श्री दी० चं० शर्मा :** **श्री रामेश्वर टांटिया :**
श्रीमती रेणुका बड़कटकी : **श्रीमती सावित्री निगम :**
श्री हिम्मतसिंहका :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि होम गार्डों की भर्ती आशानुकूल नहीं है ; और

(ख) यदि हां, तो होम गार्डों की भर्ती से सबध्द संगठन को सुदृढ़ करने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) और (ख) : अभी हाल के संघर्ष के दौरान प्राप्त अनुभव को देखते हुए होम गार्डों की भर्ती, प्रशिक्षण तथा कार्य प्रणाली पर 8 नवम्बर को यहां पर हुए विभिन्न राज्यों के मुख्य मंत्रियों और गृह मंत्रियों के सम्मेलन और राज्य सरकारों के होम गार्डों के कमांडेंटों की एक बैठक में भी विचार किया गया, और बिना कुछ भी देर लगाए कमियों को दूर करने का निश्चय किया गया।

श्री दी० चं० शर्मा : मैं जानना चाहता हूं कि लोग और अधिक संख्या में होम गार्डस में भर्ती क्यों नहीं हो रहे हैं ? क्या सरकार ने इस के कारणों का पता लगाया है ?

अध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्यों को प्रश्न सीधे अध्यक्षपीठ से पूछने चाहियें। मैं प्रश्न को नहीं सुन सका हूं और यह निर्णय करने की स्थिति में नहीं हूं कि प्रश्न न्यायसंगत है अथवा नहीं और इसे पूछने की अनुमति दी जाये या नहीं। इसलिये मैं माननीय सदस्यों से अनुरोध करूंगा कि वे प्रश्न सीधे मेरे से पूछे ताकि मैं प्रश्नों को समझ सकूं।

श्री दी० चं० शर्मा : श्रीमन्, मैं जानना चाहता हूं कि क्या उन कारणों का पता लगा लिया गया है जिनकी वज़ह से बहुत से लोग होम गार्डस में सम्मिलित होने को तैयार नहीं है, यदि हां, तो उन्हें दूर करने के लिये सरकार क्या कार्यवाही करेगी ?

श्री ल० ना० मिश्र : मैं ने अपने मूल उत्तर में कहा है कि भर्ती के प्रश्न पर पुर्नविचार किया गया था । मूल योजना में कुछ कमियां थी। हम उन्हें दूर करने का प्रयत्न कर रहे हैं और हमें विश्वास है कि हम यथा समय लक्ष्य को प्राप्त कर लेंगे।

श्री दी० चं० शर्मा : क्या होम गार्डस संघठन को पूर्णत: केन्द्रीय गृह मंत्रालय के अधिन किया जायेगा अथवा राज्य गृह मंत्रालयों का भी इस से कोई सम्बन्ध रहेगा ?

श्री ल० ना० मिश्र : यह एक राज्य का विषय है। हम उन्हें 50 प्रतिशत अनुदान दे रहे हैं ।

श्रीमती सावित्री निगम : क्या यह सच है कि होम गार्डस संघठन को धन की कमी की तथा अन्य कुछ कठिनाईयां है, जिन को सरकार आसानी से दूर कर सकती है ? यदि उत्तर हां में हो तो गृह मंत्रालय इन कठिनाईयों को शीघ्र दूर करने के लिये क्या कदम उठायेगा ?

श्री ल० ना० मिश्र : यह सच है कि राज्य सरकारों की कुछ वित्तीय तथा अन्य कठिनाईयां भी हैं। अब इस बारे में हम ने कुछ अन्तिम निर्णय कर लिये हैं और हमें आशा है कि शीघ्र ही यह संघठन सुव्यवस्थित हो जायेगा।

Shri Hukam Chand Kachhavaiya : May I know how much amount would be spent by Central Government on Home Guards and whether the amount would be sufficient to meet our requirements in this regard ?

Shri L. N. Mishra : I am not in a position to give details as yet, but according to the scheme formulated by us an amount of nearly 23 to 24 crores of rupees is likely to be spent.

श्री मा० ल० जाधव : होम गार्डस को क्या क्या महत्वपूर्ण कार्य सौंपे गये हैं ?

श्री ल० ना० मिश्र : यह कहना कठिन है कि उन के ठीक ठीक कर्तव्य क्या हैं ? वे पुलिस का कार्य करेंगे तथा नागरिक सुरक्षा के कार्य में सहायता करेंगे ।

श्री स० मो० बनर्जी : क्या यह सच है कि जो सरकरी कर्मचारी स्वेच्छया से होम गार्डस का शिक्षण लेने को तैयार हैं, सम्बन्धित विभाग उन्हें छुट्टी आदि की सुविधायें नहीं देते ? यदि हां, तो क्या ये सुविधायें प्रदान करने के लिये विभागों को साफ अनुदेश दे दिया गया है ?

श्री ल० ना० मिश्र : जब वे होम गार्डस के प्रशिक्षण के लिये जाते हैं, तो उन्हें काम पर हाज़िर समझा जाता है।

श्रीमती ज्योतसना चन्दा : क्या होम गार्डस को राईफल चलाने का प्रशिक्षण दिया जायेगा ?

श्री ल० ना० मिश्र : उन्हें राई फल चलाने का प्रशिक्षण दिया जायेगा।

Shri Onkar Lal Berwa : Whether Central Government have issued orders to State Governments for arresting the members of Home Guard, if not, under which orders they are being arrested ?

Shri L. N. Mishra : No such orders for arresting the Home Guard have been issued, but whosoever commits crime will be arrested, what so ever his social position may be.

उड़ीसा सरकार द्वारा लेन-देन सम्बन्धी विशेष लेखा परीक्षा प्रतिवेदन

+

*725. **श्री हरि विष्णु कामत :** **श्री जेना :**
श्री यशपाल सिंह : **श्री प्र० चं० बरुआ :**
श्री गोकुलानन्द महन्ती :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गत कुछ महीनों में कई समाचारपत्रों ने 3 मार्च, 1965 को सभा-पटल पर रखे गये दस्तावेज को उड़ीसा सम्बन्धी मामलों पर केन्द्रीय जांच विभाग की रिपोर्ट के रूप में छापा है तथा बाद में उस दस्तावेज़ की उड़ीसा सम्बन्धी मामलों पर केन्द्रीय जांच विभाग की रिपोर्ट के रूप में कई भाषाओं में पुस्तिकाएं निकली है ;

(ख) क्या सरकार ने उन प्रकाशनों में छपे समाचार का खण्डन किया है, उसकी प्रमाणिकता अथवा सत्यता से इन्कार किया है ; और

(ग) यदि नहीं, तो राजकीय भेद अधि-नियम (आफिशियल सीक्रेट्स एक्ट) के अन्तर्गत उन समाचारपत्रों तथा पुस्तिकायें के प्रकाशकों के विरूद्ध कार्यवाही न करने के क्या कारण हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा संभरण मंत्री (श्री हाथी) : (क) से (ग) : प्रश्न में कुछ कागज़ात के बारे में कुछ धारणाएं की गई हैं। अतः खेद है कि सरकार उन धारणाओं के बारे में कोई विचार व्यक्त करने में असमर्थ है। माननीय सदस्य का ध्यान सर्वश्री जसवंत मेहता तथा एच० सी० माथुर द्वारा 14 अप्रेल, 1965 को लोक सभा में पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या 862 के उत्तर की और भी आकृष्ट किया जाता है। सरकार के पास उस उत्तर में बताई गई स्थिति में जोडने के लिये और कुछ भी नहीं है।

श्री हरि विष्णु कामत : श्रीमन्, मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है। मेरे प्रश्न में कोई किसी प्रकार की धारणा नहीं की गई है। सरकार इसे जानबूझ कर टालना चाहती है। यदि आप कृपया प्रश्न को पढ़े तो देखेंगे मैंने क्या धारणा की है। मैंने तथ्यों के बारे में पूछा है। भाग (क) में मैंने पूछा है कि क्या यह सच है कि 3 मार्च को सभा-पटल पर रखे गये दस्तावेज़ को कई पुस्तिकाओं तथा समाचारपत्रों में केन्द्रीय जांच विभाग की रिपोर्ट के रूप में छापा है। इस में क्या धारणा है ? फिर मैंने पूछा है कि क्या सरकार ने उन प्रकाशनों में छपे समाचार की सत्यता का खण्डन किया है ? इस में कोई धारणा कहां है ? तीसरे मैंने पूछा है कि कोई कार्यवाही न करने के क्या कारण हैं ? इस में कोई धारणा नहीं है। मैंने पूछा है कि क्या यह सच है। वे केवल प्रश्न को टालना चाहते हैं।

श्री हाथी : वे केन्द्रीय जांच विभाग की रिपोर्टों के रूप में छपी गई थी और क्या वे केन्द्रीय जांच विभाग की रिपोर्टें हैं या नहीं स्वयं ही... **(अन्तर्बाधाएं)**

श्री हरि विष्णु कामत : सरकार के लिय यह रवैया अपनाना निन्दा जनक तथा बहुत खराब है। वे आप के विनिर्णय का कायरता पूर्वक ढंग से लाभ उठा रहे हैं। श्रीमन् यह उचित समय है कि आप उन के विरूद्ध कार्यवाही करें और उन्हे ठीक रास्ते पर लायें।

श्री सुरेन्द्रनाथ द्विवेदी : वे यह कह सकते है कि यह केन्द्रीय जांच विभाग की रिपोर्ट है या नहीं... **(अन्तर्बाधाएं)**

अध्यक्ष महोदय : मैं उन्हें तीनों को एक साथ बोलने का विशेषाधिकार नहीं दे सकता।

श्री सुरेन्द्रनाथ द्विवेदी : वे यह कह सकते हैं कि वह केन्द्रीय जांच विभाग की रिपोर्ट है या नहीं लेकिन उन्हें यह बताना चाहिये कि क्या सभा पटल पर रखे गये दस्तावेज़ के आधार पर ऐसी पुस्तिकायें तथा पत्रिकायें प्रकाशित हुई है जिन में इसे केन्द्रीय जांच विभाग की रिपोर्ट समझा गया है। यह एक तथ्य है जिसका वे 'हां' या 'ना' में उत्तर दे सकते हैं .... **(अन्तर्बाधाएं)**

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न काल समाप्त हो गया है।

श्री स० मो० बनर्जी : श्रीमन्, मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है।

श्री ही० ना० मुकर्जी : इस बारे में आप को दो मिनट समय बढ़ाने का अधिकार है, क्योंकि प्रश्न समय रहते पूछा गया था और उस पर व्यवस्था का प्रश्न उठाया गया था। वह कोई अनुपूरक प्रश्न भी नहीं पूछ सके।

अध्यक्ष महोदय : जब श्री कामत प्रश्न पूछने के लिये मुझ पर जोर डाल रहे थे तो केवल एक मिन्ट शेष था।

श्री हरि विष्णु कामत : जी, नहीं।

अध्यक्ष महोदय : वह कह रहे थे अभी एक मिन्ट बाकी है।

श्री हरि विष्णु कामत : हम आपको धन्यवाद देते हैं।

अध्यक्ष महोदय : मैं ने वह प्रश्न पूछ लिये है। अब उसे जारी कैसे रखा जा सकता है।

श्री स० मो० बनर्जी : श्रीमन् मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है।

श्री ही० ना० मुकर्जी : मैं एक गैर सरकारी सदस्य की हैसियत से बोल रहा हूं। मुझे यह बिल्कुल ज्ञात नहीं है कि किसी के लिये आप पर दबाव डालना भी संभव है। इस से मेरा कोई सम्बन्ध नहीं है। मेरा सम्बन्ध तो प्रश्न से है जोकि मुझे महत्वपूर्ण जान पड़ता है। आप ने इसे पूछा और आपने उन्हें अनुपूरक पूछने को भी कहा, परन्तु उन्होंने व्यवस्था का प्रश्न उठाना उचित समझा। मेरे विचार में व्यवस्था का प्रश्न निसंदेह कुछ महत्व का मामला होता है और विशेष रूप से जब श्री कामत जैसा सदस्य उसे उठाये, क्योंकि वह बिना कारण व्यवस्था का प्रश्न नहीं उठाते। मैं समझता हूं कि यह एक ऐसा प्रश्न है जिस पर विशेषकर अनुपूरकों के पूछने की आज्ञा दी जाये क्योंकि सरकार हर प्रकार के वक्तव्य दे कर उसे टालना चाहती है।

अध्यक्ष महोदय : केवल एक मिनट शेष था और सदस्य महोदय चाहते थे कि उन का प्रश्न अवश्य पूछा जाये। मैंने उन्हें इसे पूछने की रियायत दे दी और उन्हें एक अनुपूरक पूछने की अनुमति भी दे दी, हालांकि समय प्राय: समाप्त हो गया था परन्तु उन्होंने अनुपूरक पूछने की बजाये व्यवस्था का प्रश्न उठा दिया। व्यवस्था का प्रश्न उठा कर उन्होंने वह अवसर खो दिया है जोकि मैं ने उन्हें अनुपूरक पूछने को दिया था। इस में मैं उन की क्या सहायता कर सकता हूं..... (अन्तर्बाधाएं)

श्री हरि विष्णु कामत : नियमों के अन्तर्गत यह ..... (अन्तर्बाधाएं)

श्री स० मो० बनर्जी : श्रीमन्, मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है।

अध्यक्ष महोदय : श्री देव ने जो प्रश्न उठाया वह बिल्कुल भिन्न है। उसे किसी और रूप में उठाया जा सकता है।

श्री सुरेन्द्रनाथ द्विवेदी : व्यवस्था के प्रश्न पर आपने अपना निर्णय नहीं दिया है। वे धारणायें नहीं हैं। उन्होंने इस बारे में कुछ भी नहीं कहा है। उन्हें हां या नहीं कुछ भी उत्तर नहीं दिया।

अध्यक्ष महोदय : मैं ने मंत्री महोदय से पूछा था कि वह बतायें कि धारणायें क्या थी और उन्होंने इस का उत्तर दे दिया है।

श्री नाथ पाई : उत्तर क्या था।

श्री हरि विष्णु कामत : जहां तक हमारा सम्बन्ध है आप ने यह उचित निर्णय दिया है कि हमें ठीक ठीक संक्षप में तथा आवश्यक बात ही कहनी चाहिये। क्या यह निर्णय मंत्रियों पर लागू नहीं होता?

अध्यक्ष महोदय : मैं कहूंगा कि उन्हें यह नहीं कहना चाहिये कि वे हमेशा इस का पालन करते हैं।

श्री हरि विष्णु कामत : हम तो भरकस प्रयत्न करते हैं, लेकिन वे बिल्कुल नहीं करते।

श्री नाथ पाई : परन्तु धारणायें क्या है ?

श्री ही० ना० मकर्जी : यह वह प्रश्न है जिसकी आपने अनुमति दी थी और जिस में सरकार से पूछा गया था कि क्या यह सच है कि कुछ मामलों को केन्द्रीय जांच विभाग के प्रतिवेदन के रूप में छापा है। सरकार ने इस का हां या नहीं में उत्तर देना चाहिये। सरकार की हमें ये सब अनुमान बताने की जरूरत नहीं है।

अध्यक्ष महोदय : क्या मंत्री महोदय इस बारे में कुछ कहना चाहते हैं ?

श्री हरि विष्णु कामत : इस का उत्तर कल दिया जा सकता है।

श्री हाथी : यदि हम प्रश्न पर विचार करें तो इस का अर्थ होगा कि कुछ दस्तावेज़ प्रकाशित किये गये थे।

श्री हरि विष्णु कामत : कई भाषाओं में—अंग्रेजी, उड़िया।

श्री हाथी : हां, उन का उड़ीसा सम्बन्धी मामलों पर केन्द्रीय जांच विभाग की रिपोर्ट के रूप में उल्लेख किया गया था और बाद में उक्त दस्तावेज़ को उड़ीसा सम्बन्धी मामलों पर केन्द्रीय जांच विभाग की रिपोर्ट के रूप में कई भाषाओं में पुस्तिकाएं निकली थी।

अब ये सब अनुमान ही हैं कि यह केन्द्रीय जांच विभाग की रिपोर्ट है या नहीं...... **(अन्तर्बाधाएं)** इसलिये प्रश्न यह है कि क्या ये दस्तावेज़ जिन्हें केन्द्रीय जांच विभाग की रिपोर्ट के रूप में छापा गया था, अथवा क्या सरकार को ज्ञात है—अनुमान यह है कि ये दस्तावेज़ केन्द्रीय जांच विभाग की रिपोर्ट थी और उन्हें प्रकाशित किया गया था —**(अन्तर्बाधाएं)** यह एक अनुमान है और इस लिये सरकार इन अनुमानों के आधारपर कोई उत्तर नहीं दे सकती।

अध्यक्ष महोदय : मैं माननीय मंत्री से निवेदन करूंगा कि वह प्रश्न को देखें।

श्री शशिरंजन : प्रश्न काल समाप्त हो गया।

अध्यक्ष महोदय : इस का निर्णय करना मेरा काम है। यदि प्रश्न काल समाप्त भी हो गया तो भी इसे बीच में तो नहीं छोड़ा जा सकता। यह मेरी जिम्मेदारी है।

श्री शशिरंजन : पहले मौकों पर आपने इस की अनुमति नहीं दी थी।

अध्यक्ष महोदय : माननीय मंत्री यह बताये कि क्या यह सच है कि गत कुछ महिनों में कई समाचार पत्रों ने 3 मार्च 1965 की सभा-पटल पर रखे गये दस्तावेज की..... **(अन्तर्बाधाएं)**

शांति, शांति। प्रश्न यह है कि क्या यह सच है कि उन्हें समाचारपत्रों में केन्द्रीय जांच विभाग के रूप में छापा गया था। यह प्रश्न धारणा नहीं है।

गृह-कार्य मंत्री (श्री नन्दा) : यह सच है कि यह धारणा माननीय सदस्य की नहीं है। यह धारणा समाचारपत्रों की है।

अध्यक्ष महोदय : फिर तो सरकार को कहना चाहिये था कि तथ्य ये हैं, ये इस रूप में सामने आये थे, इन इन समाचार पत्रों ने इन्हें छापा था लेकिन सरकार के लिए य केवल धारणायें है और सरकार उन्हें कोई मान्यता नहीं देती।

श्री नन्दा : जी हां, यह ठीक है।

3—15 Lok Sabha/66

दस्तूर एण्ड कम्पनी

+
अ० सू० प्र० 7. **श्री त्रिदिब कुमार चौधरी :**
श्री नि० चं० चटर्जी :
श्री च० का० भट्टाचार्य :
श्री यशपाल सिंह :
डा० रानेन सेन :
श्री शिकरे :
श्री काशीराम गुप्त :
श्री ह० प० चटर्जी :
श्री गौरी शंकर कक्कर :
श्री नी० श्रीकान्तन नायर :
श्री स० चं० सामन्त :
श्री सुरेन्द्रनाथ द्विवेदी :
श्री व० कु० दास :
श्री दीनेन भट्टाचार्य :
डा० उ० मिश्र :
डा० शि० कु० साहा :
श्री प्र० चं० बरूआ :

क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उनका ध्यान दिनांक 28 नवम्बर, 1965 के "स्टैट्समैन" में प्रकाशित इस समाचार की ओर दिलाया गया है कि मैसर्स दस्तूर एण्ड कंपनी, इस्पात परामर्शदाता, को ही एक मात्र भारतीय कम्पनी के रूप में बोकारो इस्पात संयंत्र से सम्बन्धित कार्य के लिये सरकार द्वारा चुना गया है, और यह कि सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में अंतिम निर्णय पहले ही लिया जा चुका है, और

(ख) यदि हां, तो क्या इस परियोजना के रूसी सहयोगियों के साथ यह विचार विमर्श किया गया है कि इस परियोजना के समय पर निष्पादन तथा पूरा होने पर इस कदम का क्या प्रभाव पड़ेगा ?

इस्पात और खान मंत्रालय में उपमंत्री (श्री प्र० चं० सेठी) : (क) जी, हां।

(ख) सरकार का सदा ही यह उद्देश्य रहा है कि बोकारो इस्पात कारखाने के स्थापन सम्बन्धी काम मसर्स दस्तूर एण्ड कम्पनी को सौंपे जायें बशर्ते कि उनके साथ कार्य-क्षेत्र और फीस के बारे में सन्तोषजनक समझौता हो सके। दस्तूर एण्ड कम्पनी को वह काम सौंपा जायेगा जिसका उत्तरदायित्व सोवियत संगठनों पर नहीं होगा और जो भारतीय परामर्श—इंजीनियरों की प्राइवेट फर्मों द्वारा किया जाएगा। कार्य के ठीक ठीक क्षेत्र के बारे में निर्णय सम्बन्धित सोवियत संगठनों के साथ परामर्श करने के पश्चात ही किया जायेगा। यह सब बातें तय करते समय सभी सम्बन्धित विषय जैसे कार्य को समय पर क्रियान्विति और प्रायोजना की समय पर समाप्ति, ध्यान में रखे गये थे।

श्री त्रिदिब कुमार चौधरी : भारतीय इंजीनियरों को दी जाने वाली डिजाइन, पर्यवेक्षण तथा परामर्श जैसी सेवाओं के लिये सरकार ने किन विशेष कारणोंवश परामर्शदाताओं की केवल एक ही फर्म अर्थात्, दस्तूर एड कम्पनी को नियुक्त किया है? जब कि भारत के लिये ब्रिटिश-अमरीकी इस्पात सार्थ संघ के प्रतिवेदन में यह कहा गया है कि हमारे यहां अनेक इंजीनियरी फर्म हैं जो इस प्रकार का काम कर रही हैं, एक ही फर्म को क्यों अधिमान दिया गया और खुले टेंडर क्यों नहीं मांगे गये ?

इस्पात और खान मंत्री (श्री संजीव रेड्डी) : ब्रिटिश अमरीकी सार्थ संघ द्वारा कुछ कहे जाने के बारे में मुझे कुछ पता नहीं है। परन्तु इसके लिये एक पृष्ठ भूमि है............

श्री त्रिदिब कुमार चौधरी : वह यह भी नहीं जानते कि मूल.......

श्री संजीव रेड्डी : वह एक पृथक प्रतिवेदन है। हम बोकारो और दस्तूर एंड कम्पनी की बात कर रहे हैं। दस्तूर एैंड कम्पनी का ब्रिटिश-अमरीकी सार्थ संघ से कोई संबंध नही

है नही बोकारो का इससे कोई संबंध है। इसके लिये एक पृष्ठ भूमि है। मेरे पूर्वाधिकारी, इस्पात तथा भारी उद्योग मंत्री ने उन दिनों इस सभा में घोषणा की थी कि भारतीय परामर्शदाता, दस्तूर एड कम्पनी को ही परियोजना के डिज़ाइन और इंजीनियरी का काम दिया जायेगा। यह घोषणा अप्रैल, 1964 में की गई थी। परन्तु, बाद में जब हमने रूसियों के साथ करार किया, स्वभावतः रूसी इस में एक हिस्सा चाहते थे, और वे अपने उपकरणों तथा मशीनों के लिये जिम्मेदारी लेना चाहते थे। इसलिये प्रारूप करार में भी, जिसपर कि हस्ताक्षर नहीं किये गये थ, एक खंड था कि यदि संभरणकर्ताओं को कोई परामर्श चाहिये तो दस्तूर ऍंड कम्पनी को उस हद तक परामर्शदातृ का शुल्क दस्तूर एंड कम्पनी को देना चाहिये।

रूसियों ने कार्य के भाग को ले लिया और शेष कार्य को इस सभा में दिये गये नैतिक वचन को देखते हुए, दस्तूर एंड कम्पनी को दे दिया गया। यह ऐसा कायदा नहीं है जो कि हाल ही में किया गया हो। इसके पीछे एक बड़ा इतिहास है।

हमने दस्तूर एंड कम्पनी से बातचीत करने का प्रयत्न किया था और उस कम्पनी को सरकारी क्षेत्र की कम्पनी में बदलने का भी प्रयत्न किया था, परन्तु दुर्भाग्य से वैसा नही हुआ। परन्तु हमने फैसला किया कि जो काम रूसी करेंगे अथवा निर्माण निगम करेगा अथवा बोकारो इस्पात निगम करेगा उन कामों को छोड़ कर जो शेष काम होगा उसे दस्तूर एंड कम्पनी को दिया जायेगा। मैं नहीं समझता कि इस कार्य में बाधा पड़ेगा। ऐसा नहीं है कि हम यह नहीं जानते हैं कि भारत में अन्य परामर्शदाता भी हैं। हम उसकी सेवाओं का भी लाभ उठाते हैं। दस्तूर एंड कम्पनी को काम देने का यह अर्थ नहीं है कि अन्य लोगों को कार्य नहीं दिया जायेगा। दस्तूर एंड कम्पनी का बोकारो से आरम्भ से ही संबंध है, और कुछ नैतिक वचनबद्धता है, और इसलिये हम समझते हैं कि यह आवश्यक है।

श्री त्रिदिब कुमार चौधरी : ऐसा लगता है कि माननीय मंत्री नैतिक वचनों का उल्लेख कर के मामले को उलझाने का प्रयत्न कर रहे हैं। मान्य प्रश्न यह है कि दस्तूर एंड कम्पनी को आरम्भ में परामर्शदाता क्यों नियुक्त किया गया था और टेंडर मंगाये बिना इस सभा में एक नैतिक वचन क्यों दिया गया था जब कि सरकार जानती है कि इस देश में अनेक परामर्शदाता फर्में हैं। खुले टेंडर क्यों नहीं मंगाये गये थे और गैर-सरकारी बातचीत-द्वारा सारा काम क्यों नहीं कराया गया था?

श्री संजीव रेड्डी : जब कोई परामर्शदाता परियोजना प्रतिवेदन लिखता है तो बादकी अवस्थाओं के लिये भी उससे काम लिया जाता है। दस्तूरी एंड कम्पनी न केवल बोकारों के लिये ही परामर्शदाता है अपितु वह इस्पात मंत्रालय के लिये भी है। हम विभिन्न परामर्शों के लिये उसकी सेवाएं प्राप्त करते हैं, और प्रत्येक वर्ष हम उसको कई लाख रुपये का भुगतान करते हैं; विभिन्न प्रश्नों पर हम उसका परामर्श लेते हैं। इसीलिये वह केवल इसी परियोजना के लिये नहीं है? कई योजनाएं उनको दी गई हैं.....

अध्यक्ष महोदय : अब केवल एक प्रश्न है कि खुले टेंडर क्यों नही मांगे गये थे।

श्री संजीव रेड्डी : तत्कालिन प्रभारी मंत्री तथा सरकारने यह विचार किया कि इस कम्पनी को कार्य करना चाहिये और करार लगभग कर लिया गया था; जैसा कि मैंने बताया कानूनी वचनबद्धता नहीं थी क्योंकि करार पर हस्ताक्षर नहीं किये गये थे, परन्तु इसपर बातचीत की गई थी और इसलिये यह एक नैतिक वचनबद्धता थी।

श्री हरिश्चन्द्र माथुर : प्रश्न यह नही है कि माननीय मंत्री ने व्यक्तिगत रूप से क्या किया। प्रश्न यह है कि सरकारने क्या किया है और सरकार में माननीय मंत्री के पूर्वाधिकारी भी आ जाते हैं। हम यह जानना चाहते हैं कि ऐसी प्रक्रिया पहले क्यों अपनाई गई थी।

श्री संजीव रेड्डी : एसी प्रक्रिया अपनाई गई थी और मैं नहीं समझता कि इसमें कोई गलती थी।

श्री नि० चं० चटर्जी : क्या यह सच नहीं है कि नवीनतम परियोजना प्रतिवेदन में ब्रिटिश-अमरीकन स्टील इन्डियन कंजर्टियम ने पहले से ही यह स्पष्ट रूप से कह दिया है कि इस प्रकार के इस्पात संयंत्र के निर्माण के लिये इस देश में 50 से 60 प्रतिशत अपेक्षित इंजीनियरी तथा तकनीकी ज्ञान उपलब्ध है, और यदि हां, तो सरकार ने उस प्रतिवेदन का अध्ययन क्यों नहीं किया और अन्य पांच और छः सार्थों के तकनीकी ज्ञान तथा अर्हताओं का अध्ययन क्यों नहीं किया जो कि इस कार्य को करने के लिये पूरी तरह सक्षम हैं ?

श्री संजीव रेड्डी : मुझे बताया गया है कि परामर्शदातृ के लिये साधारणतया टेंडर नही मांगे जाते। एक उचित व्यक्ति को जिम्मेदार और उपयोगी समझा जाता है और मूल्य और शुल्क के बारे में उससे बातचीत की जाती है। इस मामले में ऐसा ही किया गया था । इस संबंध में दो वर्ष पहले जो कुछ किया गया था उसमें कोई अनियमितता अथवा गलती नहीं थी।

Shri Yashpal Singh : To what extent Government will finance it or whether M/s. Dastur & Co. will carry on it ?

श्री संजीव रेड्डी : मैं नहीं समझ पाया कि माननीय सदस्य का इससे क्या अर्थ है; हम उसको काम के लिये पैसा देंगे और काम लेंगे ।

Shri Yashpal Singh : How much money Government will be giving ?

श्री संजीव रेड्डी : इसपर बात चीत की जायेगी । उत्तर में यह बताया गया था ।

श्री च० का० भट्टाचार्य : भिलाई इस्पात संयंत्र के मामले में यह घोषणा की गई थी कि रूसी इस कार्य को हिन्दुस्तान स्टील के परामर्श से करेंगे और किन्हीं बिचोलियों की आवश्यकता नहीं थी। क्या बोकारो के मामले में यही तरीका नहीं अपनाया जा सकता था, अर्थात्, बिचोलियों को बुलाये बिना ही काम को बोकारो इस्पात लिमिटेड तथा रूसियों को ही सौंप दिया जाता ?

श्री संजीव रेड्डी : जी नहीं; निर्माण में सहायता के लिये चाहे वह भिलाई हो या बोकारो किसी परामर्शदाता का होना आवश्यक है।

श्री शिकरे : क्या यह सच नहीं है कि आरम्भ में रूसियों ने दस्तूर एंड कम्पनी द्वारा तैयार किये गये परियोजना प्रतिवेदन को अस्वीकार कर दिया था, क्योंकि यदि इसको स्वीकार कर लिया जाता और क्रियान्वित कर दिया जाता तो बोकारो इस्पात संयंत्र की लागत 20-40 करोड़ अधिक होती ? यदि यह सच है तो यह सुनिश्चित करने के लिये सरकारने क्या कदम उठाये हैं कि दस्तूर एंड कम्पनी के मूल परियोजना प्रतिवेदन केवल उसको खुश करने के लिये नहीं लिया जायेगा और इस प्रकार सरकार को आवश्यकता से अधिक पैसा खर्च करने के लिये बाध्य नहीं किया जायेगा ? क्या यह सच नहीं है कि दस्तूर एंड कम्पनी ने सरकारी क्षेत्र का उपक्रम बनने से इन्कार कर दिया और इस प्रकार सरकार को इस व्यवस्था को स्वीकार करने के लिये बाध्य किया गया है ?

अध्यक्ष महोदय : परियोजना से संबंधित प्रश्न के केवल एक भाग का उत्तर दिया जाये।

श्री संजीव रेड्डी : अमरीकी सहायता की आशा रखते हुए परियोजना प्रतिवेदन लिखा गया था। बाद में जब रूसी आये तो वे एक भिन्न परियोजना प्रतिवेदन चाहते थे जो उनकी टेकनालोजी के लिये उपयुक्त होता। इसलिये वे अपना ही परियोजना प्रतिवेदन लिखना चाहते थे और उन्होंने उसे लिखा। स्वभावतः दस्तूर एंड कम्पनी का सहयोग रूसी परियोजना प्रतिवेदन पर आधारित होगा नाकि पुराने प्रतिवेदन पर जो दस्तूर ने लिखा था। वह अब नहीं है। बोकारो इस्पात संयंत्र का निर्माण रूसियों द्वारा लिखे गये परियोजना प्रतिवेदन के आधार पर होगा जो कि नया है। इसलिये उसका इसपर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

श्री शिकरे : क्या उसने सरकारी क्षेत्र का उपक्रम बनने से इन्कार कर दिया है ?

श्री संजीव रेड्डी : इसके लिये बातचीत की गई थी। उसके साथ करार करना सम्भव नहीं हुआ था ।

Shri Kashi Ram Gupta : The hon. Minister said that if the Russians suggest about anything that work would be taken from M/s Dastur and Company. May I know whether under the terms M/s Dastur and Company will be given a definite sum of money for the Bokaro Steel Plant or whether they will be paid on the basis of the work taken ? If they are to be paid on the basis of work taken from them, whether terms for this have been considered ?

श्री संजीव रेड्डी : जैसा कि मैंने कहा रूसी लोग जो काम करेंगे उसके अतिरिक्त हमारे अपने निगम भी हैं। एक सरकारी क्षेत्रीय निर्माण निगम है। बोकारो इस्पात भी कुछ काम करेगा। इसलिये हमे शेष काम को निश्चित करना होगा जो कि दस्तूर एँड कम्पनी को दिया जायेगा, और तब ही हम कह सकेंगे कि उसको कितना पैसा दिया जायेगा। हमें काम और पैसे के संबंध में बातचीत करनी होगी।

श्री ह० प० चटर्जी : क्या यह सच नहीं है कि छः अन्य फर्मों, अर्थात्, कुलजिमान कारपोरेशन, कलकत्ता, टाटा-एनेस्को कन्सलटिंग इंजीनिरिंग सर्विस (बम्बई), बिलानी एंड कम्पनी, बम्बई, युनाइटिड इंजीनियर्स, कलकत्ता, भागवती एंड कुमानी, कलकत्ता, चटर्जी एंड पल्क, कलकत्ता तथा जनरल इंजीनियरिंग एंड डिज़ाइन ब्यूरो आफ एच० एस० एल० (रांची) ने सरकार को अभ्यावेदन दिया है कि बोकारो में जिन की सेवाओं की आवश्यकता होवे उनको देने तथा उनके लिये टेंडर देने के लिये तैयार हैं ? यदि हां, तो इन अभ्यावेदनों पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया रही है ? या क्या इन अभ्यावेदनों को अस्वीकार कर दिया गया है ?

श्री संजीव रेड्डी : मैं सारा मामला पहले ही बता चुका हूं। हमने सभी पहलुओं पर विचार किया है। एक या दो कम्पनियों के प्रतिनिधि भी मुझसे मिले थे। सभी बातों पर विचार कर के और क्योंकि इस सभा में वचन दिया गया था इसलिये हमने उस काम को दस्तूर एंड कम्पनी को देने का निर्णय किया है।

श्री गौरी शंकर कक्कड : किन विशेष परिस्थितियों के कारण दस्तूर एंड कम्पनी को अधिमान दिया गया था ? अन्य किसी फर्म को काम क्यों नहीं दिया गया था ?

अध्यक्ष महोदय : इसका उत्तर आ चुका है।

श्री नी० श्रीकान्तन नायर : क्या इस काम को करने के लिये अन्य परामर्शदाता तथा इंजीनियरिंग कम्पनियां समान रूप से सक्षम हैं और यदि हां, तो क्या भविष्य में जब काम दिया जायेगा तो उनको भी उस काम में हिस्सा दिया जायेगा ?

श्री संजीव रेड्डी : मैं नहीं चाहता कि इन बातों पर मैं अपना मत प्रकट करूं। वहां पर तकनीशन हैं। तुलनात्मक गुणदोषों पर इस सभा में चर्चा नहीं की जानी चाहिये।

श्री स० चं० सामन्त : माननीय मंत्री ने कहा कि इंजीनियरिंग परामर्शदाताओं के लिये खुले टेंडर नहीं मांगे गये थे। क्या डिजायनिंग तथा अन्य इंजीनियरी कार्यों के लिये खुले टेंडर मंगाये जायेंगे ?

श्री संजीव रेड्डी : जी, नहीं। मैंने सारा मामला बता दिया है। जो काम रूसी तथा सरकारी क्षेत्र के उपक्रम करेंगे उसको छोड़ कर शेष कार्य दस्तूर एंड कम्पनी को दिया जायेगा।

श्री सुरेन्द्र नाथ द्विवेदी : हिन्दुस्तान इंजीनियरी तथा डिजाइनिंग विभाग हमारा एक सुसंगठित एकक है। क्या बोकारो संयंत्र के निर्माण तथा परामर्श के साथ इस विभाग के साथ किसी समय कोई संबंध रखा जायेगा ? हमने इसपर विचार क्यों नहीं किया है ?

श्री संजीव रेड्डी : जी नहीं, क्यों कि भिलाई, दुर्गापुर और रूरकेला के विस्तार के कारण उसके पास काफी काम है। विस्तार परियोजनाओं का काम है। बोकारो एक पृथक निगम है। हिन्दुस्तान इस्पात के उसको नहीं कर सकता था।

श्री ब० कु० दास : क्योंकि परियोजना को तैयार करने का काम दस्तूर एंड कम्पनी से रूसियों द्वारा ले लिया गया है, क्या बोकारो इस्पात संयंत्र के साथ उसका किसी भी रूप में संबंध है ?

श्री संजीव रेड्डी : परियोजना प्रतिवेदन में नहीं। मैंने सारा मामला बता दिया है।

श्री दीनेन भट्टाचार्य : उस डिजाइनिंग और पर्यवेक्षण के काम की कुल लागत क्या होगी जो दस्तूर एंड कम्पनी को नहीं दिया जायेगा ?

श्री संजीव रेड्डी : परियोजना प्रतिवेदन के प्राप्त होने के बाद तथा उस पर रूसियों के साथ बातचीत करने के बाद ही हम यह अनुमान लगा सकेंगे कि दस्तूर एंड कम्पनी को कितना काम दिया जायेगा।

श्री प्र० चं० बरूआ : क्या इस कम्पनी को जो काम दिया जायेगा उसकी कुल लागत लगभग 400 करोड़ रु० होगी ?

श्री संजीव रेड्डी : जी नहीं; 400 करोड़ रु० सारे संयंत्र की लागत है।

डा० उ० मिश्र : माननीय मंत्री ने कहा कि दस्तूर एंड कम्पनी की ओर एक नैतिक दायित्व था। क्या सरकार इस दायित्व को अधिक अच्छी तरह पूरा करेगी और हिन्दुस्तान इस्पात के डिज़ाइन विभाग की तरह इसको अपने हाथ में लेगी और इसको बोकारो संयंत्र के लिये एक पृथक विभाग बनायेगी ?

अध्यक्ष महोदय : यह कोई अच्छा सुझाव नहीं है।

श्री विद्याचरण शुक्ल : क्या यह सच नहीं है कि भारत में केवल दस्तूर एण्ड कम्पनी ही एक ऐसी पूर्णतः भारतीय कम्पनी है जिसके गुण और योग्यता की केवल भारत में ही नहीं बल्कि कई विदेशों में भी सराहना की गयी है और क्या यह सच नहीं है कि दस्तूर एण्ड कम्पनी को सभा में दिये गय वचनों के अनुसार ही नहीं बल्कि इसके गुणों के कारण ही इस कार्य के लिये चुना गया ?

श्री संजीव रेड्डी : दस्तूर एण्ड कम्पनी के गुणों का बरवान करने को मैं बुरा नहीं मानता लेकिन मैं दूसरों को भी बेकार नहीं समझता। दुसरी कम्पनियां भी इतनी ही अच्छी हैं।

श्री हरिश्चन्द्र माथुर : सरकारी क्षेत्र में परामर्श सेवा के विकास के लिये सरकार की अपनी क्या योजनायें हैं ? हम तीन बडे इस्पात संयंत्र बना चुके हैं। क्या हम इन संयंत्रों के भावी विस्तार और नये संयंत्र स्थापित करने के बारे में परामर्श सेवा का विकास नहीं कर सके हैं ?

श्री संजीव रेड्डी : रांची में एक बडा अच्छा डिजाइन सेल है। वहां बडा अच्छा काम हो रहा है। लेकिन हमारी विस्तार योजनायें काफी हैं और वह अतिरिक्त काम नहीं संभाल सकते। हमारे इस्पात संयंत्रों में भी डिज़ाइन सेल हैं। रांची में 'सेन्ट्रल इंजीनियरिंग एण्ड डिज़ाइन ब्यूरो' बहुत बडा यूनिट है और वहां अनेक इंजीनियर हैं। सभी इस्पात संयंत्रों के विस्तार कार्य के लिये यह पर्याप्त नहीं है।

श्री हरिश्चन्द्र माथुर : मेरा प्रश्न यह है कि क्या हमारी योजना एक ऐसी परामर्श सेवा बनाने की नहीं है जिससे हम भावी विस्तार कार्य और नये संयंत्रों की स्थापना के कार्य की देखभाल कर सकें ?

श्री संजीव रेड्डी : तत्काल ही सारे कार्य के लिये संगठन नहीं बनाया जा सकता। मैं माननीय सदस्य से पूर्णतः सहमत हूं कि हमें एक योजना बनानी पड़ेगी ताकि यह काम सरकारी क्षेत्र के डिज़ाइन संगठनों को सौंपा जा सके।

श्री उ० म० त्रिवेदी : मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या जांच पड़ताल से यह पता चला है कि दस्तूर एण्ड कम्पनी के विरुद्ध कोई बात नहीं है ?

श्री संजीव रेड्डी : यदि हमने यह महसूस किया होता कि उनमें कुछ त्रुटि है तो हमने उनको यह काम न सौंपा होता। मैं दूसरों को बुरा नहीं बताना चाहता। अन्य तकनीशन भी इतने ही अच्छे हैं।

श्री स० मो० बनर्जी : क्या यह सच है कि कलजियन कारपोरेशन आफ इंडिया नामक एक अमरीकी कम्पनी दस्तूर एण्ड कम्पनी के विरुद्ध कम्पनी है और क्या यह सच है कि उन्होंने भिलाई इस्पात संयंत्र के भतपूर्व जनरल मनेजर, श्री सेन और श्री बी० के० नेहरू के पुत्र को सरकार पर प्रभाव डालने के लिये नियुक्त किया है। मैं जानना चाहता हूं कि क्या सरकार पर प्रभाव नहीं डाला जा रहा है......
(अन्तर्बाधा)

अध्यक्ष महोदय : शांति, शांति ! सरकार ने इसका प्रतिकार किया है।

(घ) सर्वोदय कार्यकर्ता द्वारा भूख-हड़ताल और मद्य-निषेध नीति में परिवर्तन पर केन्द्रीय सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा संभरण मंत्री (श्री हाथी) : (क) से (घ) : तक सूचना एकत्रित की जा रही है और यथाशीघ्र सदन के सभा-पटल पर रख दी जायगी।

ब्रिटिश चाय बागान मालिक

2121. **श्री उ० मू० त्रिवेदी :**

श्री हरि विष्णु कामत :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हाल में कुछ ब्रिटिश चाय बागान मालिकों को आसाम से निकाला गया है;

(ख) यदि हां, तो कितने ; और

(ग) इसके क्या कारण हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा संभरण मंत्री (श्री हाथी) : (क) से (ग) : आसाम में तीन ब्रिटिश चाय बागान मालिकों की नजरबन्दी से सम्बन्धित तारांकित प्रश्न संख्या 139 के उत्तर में 10 नवम्बर, 1965 को सदन के सभा-पटल पर रखे गए विवरण की ओर ध्यान आकृष्ट किया जाता है। अब चाय बागान के ये तीनों ब्रिटिश मालिक भारत से निकाल दिये गए हैं और 24 नवम्बर, 1965 को दमदम हवाई अड्डे से लंदन के लिये रवाना हो चुके हैं।

विश्वविद्यालयों में सैनिक विज्ञान

2122. **श्री हरि विष्णु कामत :** क्या **शिक्षा** मंत्री विश्वविद्यालय शिक्षा में सैनिक विज्ञान के बारेमें 25 अगस्त, 1965 के अतारांकित प्रश्न संख्या 629 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा नियुक्त की गई विशेष समिति ने इस बीच अपना प्रतिवेदन दे दिया है ;

(ख) यदि हां, तो प्रतिवेदन में मुख्य निष्कर्ष और सिफारिशें क्या हैं ; और

(ग) क्या प्रतिवेदन को सभा-पटल पर रखा जायेगा ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) जी, नहीं।

(ख) और (ग) : इस समय प्रश्न ही नहीं उठता।

Houses Rented by Vishwa Bharati

2123. **Shri Bade :**

Shri Kashi Ram Gupta :

Shri Gauri Shankar Kakkar :

Will the Minister of **Education** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Vishwa Bharati (Shanti Niketan) has taken on rent some private houses also near its main Guest House;

(b) whether it is also a fact that there are houses belonging to some Central Ministers among them for which the rent charged is much higher than the rates of rent prevalent in that area;

(c) if so, the names of the Ministers whose houses have been so taken on rent ; and

1—15 Lok Sabha/66

(d) the date from which these houses have been taken, the total amount of rent so far paid as also the cost of those houses ?

Minister of Education (Shri M. C. Chagla) : (a) to (d). The information has been called for from the University and will be laid on the Table of the House as soon as it is received.

सेवाकाल बढ़ाना तथा पुर्ननियुक्त करना

2125. **श्री दी० चं० शर्मा :** क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस वर्ष अब तक केन्द्रीय सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में कितने व्यक्तियों का सेवाकाल बढ़ाया गया है तथा कितने व्यक्तियों को फिर से नियुक्त किया गया है ;

(ख) प्रत्येक मामले में सेवा काल बढ़ाने तथा फिर से नियुक्त करने के क्या कारण हैं; और

(ग) इसके कारण कितने व्यक्ति पदोन्नति से वंचित रहे ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) से (ग) : सूचना एकत्रित की जा रही है और यथाशीघ्र सदन के सभा-पटल पर रख दी जायगी।

केरल में तीन वर्ष का डिग्री पाठ्यक्रम

2127. **श्री वासुदेवन नायर :**

श्री वारियर :

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केरल विश्वविद्यालय अगले शिक्षा वर्ष से तीन वर्ष के डिग्री पाठ्यक्रम की नई प्रणाली आरम्भ कर रहा है; और

(ख) यदि हां, तो इस योजना की मुख्य बातें क्या हैं ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) जी हां।

(ख) विवरण संलग्न है ।

विवरण

पाठ्यक्रमों की मुख्य-मुख्य बातें निम्नलिखित हैं :—

(i) 1964 में शुरू किये गए दो वर्षीय पूर्व-डिग्री पाठ्यक्रम जिसमें उन विद्यार्थियों को दाखिला मिल सकता है, जिन्होंने 10 वर्ष की स्कूली शिक्षा के साथ राज्य की एस० एस० एल० सी० अथवा इसी के समकक्ष परीक्षा पास की हो, ये विद्यार्थी नए तीन-वर्षीय डिग्री पाठ्यक्रम में दाखिल हो सकते हैं।

(ii) विद्यमान तीन-वर्षीय डिग्री पाठ्यक्रमों के क्षेत्र और विषय-वस्तु का पुनर्गठन किया गया है ।

(iii) शिक्षा संबंधी अथवा अन्य विशिष्ट कार्य के लिए व्यवस्था कर दी गई है।

(iv) बी० एस० सी० (विशेष) पाठ्यक्रम उन विद्यार्थियों के लिए है, जो पूर्व-डिग्री परीक्षा के विज्ञान विषयों में उच्च अंक प्राप्त करने के आधार पर चुने जाते हैं।

इस विशेष पाठ्यक्रम के लिए केवल उन्हीं कालेजों को सम्बद्धन स्वीकृत किया जाता है, जहां उन्नत प्रयोगशाला की सविधाएं हों।

(v) दो-वर्षीय पूर्व-डिग्री पाठ्यक्रम में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थी इंजीनियरी, चिकित्सा, कृषि और पशु-चिकित्सा-विज्ञान जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में सीधे ही दाखिला ले सकते हैं।

भारतीय प्रशासन सेवा के लिये आपात-कालीन भर्ती

2128. **श्री धुलेश्वर मीना :** क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि संघ लोक सेवा आयोग भारतीय प्रशासन सेवा के लिये आपात-कालीन भर्ती करने के लिये परीक्षा लेने का विचार कर रहा है ;

(ख) यदि हा, तो यह परीक्षा कब होगी ; और

(ग) उम्मीदवारों की पात्रता के लिये क्या अर्हतायें रखी गई हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा संभरण मंत्री (श्री हाथी) : (क) जी नहीं।

(ख) और (ग) : प्रश्न ही नहीं उठते ।

नेताजी का जन्म दिवस

2129. **श्री हरि विष्णु कामत :** क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि पश्चिम बंगाल सरकार नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के जन्म दिन, 23 जनवरी, को प्रतिवर्ष समूचे राज्य में सार्वजनिक छुट्टी घोषित करती है ;

(ख) क्या 1966 से समूचे देश में इस दिन को सार्वजनिक छुट्टी घोषित करने का सरकार का विचार है; और

(ग) यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) जी हां ।

(ख) और (ग) : ऐसा कोई विचार नहीं है। राज्य सरकारों को अपने-अपने राज्यों में मनाई जाने वाली छुट्टियां तय करने की पूरी छूट है। जहां तक केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों का प्रश्न है, द्वितीय वेतन आयोग की सिफारिश पर छुट्टियों की संख्या 23 से घटा कर 16 कर दी गई हैं । इन छुट्टियों की संख्या में बढ़ोतरी करना जनहित की दृष्टि से ठीक नहीं होगा।

"स्वराज्य" और "कल्की" के विरुद्ध मुकदमे

2130. **श्री रवीन्द्र वर्मा :**

श्री वारियर :

श्री वासुदेवन नायर :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या "स्वराज्य" के सम्पादक और तमिल साप्ताहिक "कल्की" के सम्पादक, श्री पोठन जोसेफ़ के विरुद्ध कोई कानूनी कारवाई की गई है ; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) जी हां। (यह कार्यवाही राज्य सरकार द्वारा की गई थी) ।

(ख) पक्षपातपूर्ण संवाद और एक व्यंगचित्र प्रकाशित करने के कारण।

प्रार्थनापत्र भेजने सम्बन्धी नियम

2131. **श्री इन्द्रजीत गुप्त :**

श्री वारियर :

श्री वासुदेवन नायर :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों के अन्यत्र रोजगार के लिये प्रार्थना पत्रों को भेजने के प्रश्न पर विचार करने के बारे में अपनाये जाने वाले सिद्धांन्तों सम्बन्धी गृह-कार्य मंत्रालय के दिनांक 25 फरवरी, 1963 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 70/60-62-एस्ट्स (क) में अन्तर्विष्ट हिदायतों का, जिन्हें भारत सरकार के अन्य सभी मंत्रालयों को भेजा गया था, अनुसरण किया जा रहा है;

(ख) क्या उपरोक्त ापन भारत सरकार के सभी मंत्रालयों के अधीन सरकारी क्षेत्र के संगठनों पर लागू होता है और यदि हां, तो क्या ऐसे संगठन उसका अनुसरण करते हैं;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है; और

(घ) इन हिदायतों का अनुसरण न करने वाले सरकारी क्षेत्र के संगठनों तथा सरकारी उपक्रमों के मामले में क्या पग उठाये जाने का विचार है?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) जिन आदेशों का हवाला दिया गया है वे केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों पर उस समय लागू होते हैं जब वे केन्द्रीय सरकार अथा किसी राज्य सरकार; या पूरी तरह केन्द्रीय सरकार अथवा किसी राज्य सरकार या अर्ध-सरकारी संगठन के अधीन आने वाले सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के अधीन अन्य किसी पद के लिये आवेदन देते हैं। केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों द्वारा इन आदेशों का पालन किया जा रहा है।

(ख) ये आदेश सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों के कर्मचारियों पर लागू नहीं होते। फिर भी, अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के उन सदस्यों को, अपना भविष्य सुधारने की सुविधाएं प्रदान करने की दृष्टि से, जो ऐसे उपक्रमों में काम करते हों, मंत्रालयों को कहा गया था कि वे अपने अधीन आने वाले उपक्रमों को यह परामर्श दें कि वे इस वर्ग के कर्मचारियों के आवेदन पत्रों पर कायवा ी करते समय, जहां तक हो सके और लगातार दक्षता का ध्यान रखते हुए, इन आदेशों का पालन करें।

(ग) सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों के कर्मचारी सरकारी कर्मचारी नहीं हैं और व संगठनों द्वारा बनाये गए नियमों से प्रशासित होते हैं।

(घ) उपरोक्त भाग (ग) के उत्तर को देखते हुए यह प्रश्न ही नहीं उठता।

फर्टिलाइजरज एण्ड कैमिकल्ज, ट्रावनकोर लिमिटेड, अलवाये

2132. **श्री वासुदेवन नायर :**

श्री वारियर :

क्या **पैट्रोलियम** और **रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बिजली में कटौती होने के कारण फर्टिलाइजरज एण्ड केमिकल्ज, ट्रावनकोर, लिमिटेड, अलवाये, में जबरी छुट्टी कर दी गई है;

(ख) यदि हां, तो कितने मजदूर बेरोजगार हैं; और

(ग) बिजली में कटौती होने के कारण फर्टिलाइजरज एण्ड केमिकल्ज, त्रावणकोर लिमिटेड, में उत्पादन में अनुमानत: कितनी कमी होगी?

पैट्रोलियम और रसायन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अलगेसन) : (क) जी हां।

(ख) 25-11-1965 से जबरी छुट्टी / नौकरी से हटाये गये कर्मचारियों की संख्या 561 है जिसमें 27 दैनिक दर पर आकस्मिक मजदूर शामिल हैं।

(ग) बिजली की आवश्यकातओं में 60 प्रतिशत तक कटौती होने के कारण कुछ महत्वपूर्ण संयन्त्र बन्द हो गये हैं। तीन पाशों (Loops) में से केवल एक अमोनिया पाश काम कर रहा है और प्रति दिन 250 मीटरी टन अमोनिया के आशायुक्त उत्पादन के मुकाबले में 85 मीटरी टन अमोनिया उत्पादित किया जा रहा है। एक सल्फयरिक अम्ल संयन्त्र बन्द है और अन्य सारे संयन्त्र कम क्षमता पर काम कर रह है; जिसके परिणाम स्वरुप सल्फ्युरिक अम्ल के 760 मीटरी टन सामान्य उत्पादन के मुकाबले में केवल 250 मीटरी टन उत्पादित किया जा रहा है।

आसाम की आदिम जातियों की ओर से ज्ञापन

2132क. श्री कोल्ला वेंकैया : क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या प्रधान मंत्री को उनके आसाम के दौरे के दौरान मिजो आदम जातियों के नेताओं ने कोई ज्ञापन पेश किया था, जिसमें उन्होने अपने क्षेत्र के लिये एक पृथक प्रशासन की मांग की थी; और

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा संभरण मंत्री (श्री हाथी) : (क) जी, हां।

(ख) सरकार एक पृथक मिज़ोरम राज्य के निर्माण को व्यावहारिक अथवा वांछनीय नहीं समझती। हां अपने सन्मख विचारार्थ प्रस्तुत विषयों की सीमा के अन्दर-अन्दर पाटसकर आयोग को यह विचार करना है कि क्या ज़िला तथा क्षेत्रीय परिषदों की शक्तियों तथा कार्य में कोई हेरफेर करने की जरूरत है और इन परिषदों की कार्यप्रणाली की जांच करने के बाद यदि कोई परिवर्तन आवश्यक हों तो यह सिफारिश करनी है कि क्या परिवर्तन किये जाये।

अविलंबनीय लोक-महत्व के विषय की ओर ध्यान दिलाना
CALLING ATTENTION TO MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

दिल्ली में केन्द्रीय स्वास्थ्य योजना डाक्टरों द्वारा हड़ताल की धमकी

श्री नाथ पाई (राजापुर) : मैं अविलम्बनीय लोक-महत्व के निम्न विषय की ओर स्वास्थ मंत्री का ध्यान दिलाता हूं और निवेदन करता हूं कि वह इस बारे में एक वक्तव्य दे।

"दिल्ली में केन्द्रीय स्वास्थ्य योजना के 800 डाक्टरों की हड़ताल की धमकी।"

स्वास्थ्य मंत्री (डा० सुशिला नायर) : मैंने समाचार पत्रों में इस सम्बन्ध में कुछ पढ़ा है इसके अतिरिक्त हमारे पास और कोई अन्य जानकारी नहीं है। मैं जानकारी इक्कठी करूंगी ैर सभा को सूचित करने के लिय यदि कोई बात हुई तो मैं कल वक्तव्य दूंगी।

श्री स० मो० बनर्जी (कानपुर) : श्रीमन् यह हड़ताल दिल्ली के डाक्टरों से सम्बन्ध रखती है। हमने बम्बई अथवा किसी अन्य स्थान के बारे में नहीं पूछा है ....

अध्यक्ष महोदय : यदि प्रश्न की सूचना मुझे उसी दिन मिले तो मंत्री महोदय को उसका उत्तर देने के लिये कुछ समय मिलना चाहिये। उन्होंने समय मांगा है।

सभा पटल पर रखे गये पत्र

PAPERS LAID ON THE TABLE

एकाधिकार जांच आयोग का प्रतिवेदन

वित्त मंत्री (श्री ति० त० कृष्णमाचारी) : मैं एकाधिकार जांच आयोग के प्रतिवेदन, 1965 (खण्ड 1 तथा 2) की एक प्रति सभा-पटल पर रखता हूं । **[पुस्तकालय में रखी गई । देखिए संख्या एल० टी० 5322/65 ।]**

सूती कपडा मिलों के बन्द हो जाने के बारे में एक वक्तव्य

वाणिज्य मंत्री (श्री मनुभाई शाह): मैं सूती कपड़ा मिलों के बन्द हो जाने के बारे में एक वक्तव्य सभा-पटल पर रखता हूं । **[पुस्तकालय में रखा गया । देखिए संख्या एल० टी० 5323/65 ।]**

संघलोक सेवा आयोग (परामर्श से छुट) (तीसरा संशोधन) विनियम तथा भारतीय प्रशासन सेवा वेतन नियम

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा संभरण मंत्री (श्री हाथी) : मैं निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति सभा-पटल पर रखता हूं :

(1) संविधान के अनुच्छेद 320 के खण्ड (5) के अन्तर्गत संघ लोक सेवा आयोग (परामर्श से छूट) (तीसरा संशोधन) विनियम, 1965, जो दिनांक 20 नवम्बर, 1965 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० 1672 में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति तथा एक व्याख्यात्मक टिप्पण । **[पुस्तकालय में रखी गयी । देखिए संख्या एल० टी० 5324/65 ।]**

(2) अखिल भारतीय सेवायें अधिनियम, 1951 की धारा 3 की उप-धारा (2) के अन्तर्गत अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० 1673 की एक प्रति जो दिनांक 20 नवम्बर, 1965 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी तथा जिसके द्वारा भारतीय प्रशासन सेवा (वेतन) नियम, 1954 की अनुसूची 3 में एक संशोधन किया गया । **[पुस्तकालय में रखी गई । देखिए संख्या एल० टी० 5325/65 ।]**

सीमा सुरक्षा के बल के बारें में तारांकित प्रश्न संख्या 1 के अनुपूरक प्रश्नों के उत्तर में शुद्धि

CORRECTION OF ANSWER TO SUPPLEMENTARIES TO STARRED QUESTION NO. 1 RE. BORDER SECURITY

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : मैं सीमा सुरक्षा के बारे में 3 नवम्बर, 1965 को पूछ गये तारांकित प्रश्न संख्या 1 के कुछ अनुपूरक प्रश्नों के उत्तर में शुद्धि के बारे में एक विवर सभापटल पर रखता हूं । **[पुस्तकालय में रखा गया । देखिए संख्या एल० टी० 5326/65 ।]**

श्री हरि विष्णु कामत (होशंगाबाद) : उन्होंने उत्तर में शुद्धि की है । नियम के अनुसार उन्हें यह सभा को पढ़ कर सुनाना चाहिये ।

श्री ल० ना० मिश्र : लोक-सभा वाद-विवाद (तेरहवां अधिवेशन) तृतीय माला, खण्ड 47 संख्या 1, बुधवार 3 नवम्बर, 1965, स्तम्भ 4, मूल संस्करण (original version) में निम्नलिखित वाक्य

"....हमारी एक समन्वय समिति होगी परन्तु इसमें सीमान्त पुलिस के अधीकारी नहीं होंगे। यह समिति सीमांत पुलिस के नियंत्रणाधीन नहीं होगी।"

के स्थान पर निम्नलिखित पढ़ा जाये :

"......हमारी एक समन्वय समिति होगी ।"

इसी प्रकार स्तम्भ 5 में निम्नलिखित वाक्य में—

"**श्री ल० ना० मिश्र :** अपेक्षाकृत उनको अधिक अच्छे वेतन और उपलब्धियां मिलेंगी क्योंकि; जहां तक मुझे ठीक ठीक याद है, प्रस्ताव यह है कि उनके वेतन केन्द्रीय सुरक्षा पुलिस के कमचारियों के वेतन के बराबर कर दिये जायगे जोकि राज्य के सशस्त्र पुलिस सिपाहियों (Policemen) को दिये जाने वाले वेतन से अधिक हैं :"

अन्तिम पंक्ति इस प्रकार पढ़ी जाये :

"........राज्यों के सशस्त्र पुलिस कर्मचारियों (Police personnel) को दिये जाने वाले वेतन से अधिक हैं ।"

गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों सम्बन्धी समिती
COMMITTEE ON PRIVATE MEMBERS' BILLS AND RESOLUTIONS

छिहत्तरवां प्रतिवेदन

श्री कृष्णमूर्ति राव (शिमोगा) : श्रीमन्, मै गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों सम्बन्धि समिति का छिहत्तरवां प्रतिवेदन प्रस्तुत करता हूं ।

रेलवे बजट पर चर्चा के दौरान सदस्यों द्वारा उठाई गई कुछ बातों के उत्तर के बारे में वक्तव्य
STATEMENT ON REPLIES TO MATTERS RAISED BY HON. MEMBERS ON RAILWAY BUDGET DISCUSSION

रेलवे मंत्री (श्री स०का० पाटिल) : इस वर्ष के शुरू में रेलवे बजट पर बहस के दौरान में मैंने कहा था कि रेलवे बजट के सम्बन्ध में माननीय सदस्यों द्वारा जो प्रश्न उठाय गये हैं और उनमें से जिन प्रश्नों का समाधान सदन में दिये गये मेरे अपन उत्तरों से नहीं हो सका है, उनके बारे में मैं माननीय सदस्यों को उत्तर भेजने का प्रयास करूंगा ।

माननीय सदस्यों ने जो सुझाव दिये है, वे रेल-प्रशासनों के लिए बहुत उपयोगी रहे हैं और उन पर यथासम्भव अमल किया गया है और किया जा रहा है । बजट पर बहस के दौरान माननीय सदस्यों ने जो सामान्य विचार व्यक्त लिये थे और जिनके बारे में कोई निर्दिष्ट उत्तर देना अपेक्षित नहीं है, उन विचारों को भी नोट कर किया गया है और सम्बन्धित अधिकारी उनको ध्यान में रख रहे हैं ।

पिछले वर्ष की परिपाटी के अनुसार इस बार भी अब तक जितने उत्तर अन्तिम रूप से तैयार कर लिये गये हैं, उनके समेकित सट की तीन प्रतियां संसद् के पुस्तकालय में रखवाने की व्यवस्था मैंने कर दी है ताकि जो माननीय सदस्य उन्हें देखना चाहें, देख लें ।

कूछ जातियों तथा आदिम जातीयों को अनसूचित जातियों तथा आदिम जातीयों की सुची से निकाल देने के बारे में

RE : DE-SCHEDULING OF CERTAIN CASTES AND TRIBES

श्री स० मो० बनर्जी (कानपुर): श्रीमन्, साधारणतया यह होता है कि जब सरकार कोई महत्वपूर्ण निर्णय करती है, उनके बारे में लोक-सभा में घोषणा की जाती है परन्तु "स्टेट्समेंन" में यह छपा है कि अनुसूचित जातियों को ऐसी सूची में से निकालने के बारे में सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है । सरकार ने इसके बारे में लोक-सभा में कोई घोषणा नहीं की है । मेरा निवेदन है कि क्या सरकार ने ऐसा कोई निर्णय किया है ? सरकार यह निर्णय लोक-सभा में भी घोषित करे । मैंने इसी कारण ध्यान दिलाने वाली सुचना भेजी है ।

अध्यक्ष महोदय : मैं श्री बनर्जी को याद दिला दूं कि वह इस प्रकार प्रश्न नहीं उठा सकते । उन्होंने मुझे ध्यान दिलाने वाली सूचना भेजी है ।

श्री नाथ पाई (राजापुर) : आपने बार बार यह कहा है कि यह वांछनीय है कि सरकार ऐसे महत्वपूर्ण निर्णयों के बारेमें पहले सभा में घोषणा करे ।

अध्यक्ष महोदय : मैंने बहुत बार यह कहा है कि इससे विशेषाधिकर का उल्लंघन नहीं होता । "वांछनीय" शब्द का प्रयोग किया गया है । कल मंत्री महोदय ने एक विस्तृत विवरण दिया है कि वह इस सूची में संशोधन कर रहे हैं ।

श्री सोनावने (पंढरपुर) : अभी सूची में से किसी अनुसूचित जाति अथवा आदिमजाति को निकालने के बारे में कोई निर्णय नहीं किया गया है । सरकार को एक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है और उसमें की गई सिफारिशों पर सरकार विचार कर रही है ।

श्री स० मो० बनर्जी : कृपया आप मेरी बात सुन ले । मैं इस सम्बध में आपका विनिर्णय चाहता हूं।

अध्यक्ष महोदय : मेरा विनिर्णय यह है कि अब आप बैठ जाय ।

श्री स० मो० बनर्जी : आप कृपया मेरी बात सुन ले । यह एक गम्भीर विषय है ।

अध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्य अध्यक्षपीठ की अवहेलना कर रहे हैं और बार बार कहने पर भी अपने स्थान पर नहीं बैठते । वह इस प्रकार बहस नहीं कर सकते । मैं उनसे अब यह कहता हूं कि वह सभा से बाहर चले जाय ।

श्री स० मो० बनर्जी : मैं सभा से उठ कर बाहर जा रहा हूं ।

संघ उत्पादन-शुल्क (वितरण) संशोधन विधेयक, अतिरिक्त उत्पादन-शुल्क (विशेष महत्व की वस्तुएं) संशोधन विधेयक तथा सम्पदा शुल्क (वितरण) संशोधन विधेयक—(जारी)

UNION DUTIES OF EXCISE (DISTRIBUTION) AMENDMENT BILL, ADDITIONAL DUTIES OF EXCISE (GOODS OF SPECIAL IMPORTANCE) AMENDMENT BILL AND ESTATE DUTY (DISTRIBUTION) AMENDMENT BILL—*Contd.*

अध्यक्ष महोदय : अब सभा निम्नलिखित तीन प्रस्तावों पर अग्रेतर चर्चा करेगी :

"कि संघ उत्पादन-शुल्क (वितरण) अधिनियम 1962 में अग्रेतर संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाये"

कि अतिरिक्त उत्पादन-शुल्क (विशेष महत्व की वस्तुएं) अधिनियम, 1957 में अग्रेतर संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाये ; और

कि सम्पदा शुल्क (वितरण, अधिनियम, 1962 में अग्रेतर संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाये ।"

श्री दी० चं० शर्मा अपना भाषण जारी रखेंगे ।

श्री दी० चं० शर्मा (गुरदासपुर) : मने कल यह निवेदन किया था कि यह आयोग मनमाने ढंग से गठित किया गया था । अधिकतर एसे लोगों को नियुक्त किया जाता है जो जनता की भावना से दूर होते हैं । चौथे वित्त आयोग को उन कठिनाइयों तथा रुकावटों के बारे में कोई जानकारी प्राप्त नहीं है जिनके अन्तर्गत भारत के कुछ राज्यों को कार्य करना पड़ता है, कुछ राज्यों के अनेक अविलम्बनीय दावों की ओर ध्यान नहीं दिया गया है । पश्चिमी बंगाल और आसाम को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है । परन्तु उन्हें कोई विशेष रियायत नहीं दी गई है । वित्त आयोग को चाहिये कि वह केरल को अधिक धन दे ताकि उस राज्य में नियोजन के अधिक अवसर पदा किये जा सके ।

वास्तविकता यह है कि राज्यों की आवश्यकताओं की ओर ध्यान नहीं दिया गया है । आज दशा यह है कि वित्त मंत्रालय राज्यों को भिखारी की स्थिति में रख रहा है । मैं वित्त मंत्री महोदय को दोषी नहीं ठहराता क्योंकि वह दयावान हैं ; यह दोष वित्त मंत्रालय का है ।

सरकार विनियामक शुल्क, विशेष उत्पादन-शुल्क तथा उपकर आदि के सम्बन्ध में इतनी छूट दे रही है । ये राशियां वितरित नहीं होंगी ।

इन विधयकों के बारे में मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि एक ओर वितरण समान रूप से नहीं किया गया है और दूसरी ओर कुछ राशि जो कि पूर्णतया अथवा अंशतः दी जानी चाहिये थी, राज्यों को नहीं दी गई है । राज्यों को लगभग भिखारी बनाया जा रहा है ।

सम्पदा-शुल्क विधेयक के बारे में मैं यह कहना चाहता हूं कि जहां तक सम्पदा-शुल्क का सम्बन्ध है, उसका वितरण अधिक उदारता से किया जाना चाहिये । सम्पदा-शुल्क राज्यों का विशेषाधिकार है ।

अन्त में मैं माननीय वित्त मंत्री से यह निवेदन करूंगा कि उन राज्यों को वित्त-सम्बन्धी सहायता अधिक दी जानी चाहिये जो विशेष समस्याओं का सामना कर रहे हैं ।

Shri Yudhvir Singh (Mahendragarh) : It is possible that during the assessment made by the Fourth Finance Commission, the conditions in the country might have been normal. But recent conflict between India and Pakistan has created special problems for the Punjab State.

[**उपाध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए**
MR. DEPUTY SPEAKER *in the Chair*]

According to a Statement of the Punjab Government, that State has broadly suffered a loss of Rs. 22 crores. From the Bills brought forward before the House, it appears that the Central Government has not taken into consideration the special difficulties being faced by the Punjab State. No special amount has been allocated to the State for making good the loss suffered by it during Indo-Pak conflict. Different industrial centres of Punjab have been bombarded and wide destruction has been caused to many industriers. If the Central Government did not help the Punjab State, it would become one of the backward States.

[Shri Yundhvir Singh]

Because of the heavy fighting, the crops have been destroyed and the farmers had to leave those places. Batala, Gurdaspur and Amritsar were in the range of bombing. In view of these circumstances, I would like the Government to make special allocaitons to Punjab.

Nothing will be achieved by raising slogans. If the Central Government does not give grant to that State, its condition will deteriorate and the wheat would have to be imported like other deficit States. The question of Punjabi Subha has been allowed to be raised soon after the cease-fire. It was not proper to let this issue be raised at this stage. The need of the hour is to sink tubewells and meet the deficiency in respect of power.

According to a senior Punjab officer, there is a paucity of fertilizers in Punjab. Irrigation facilities are inadequate. Some additional grant should be given to Punjab to tide over the present difficult situation created by the recent conflict. If the Central Government takes an active step in this direction, our 'grow more food' campaign will be successful.

श्री के० दे० मालवीय (बस्ती): मैं यह अनुभव करता हूं कि वित्त निगमों की नियुक्ति के सम्बन्ध में पुनः विचार करने की आवश्यकता है । हमारे सामने नवीन सामाजिक उद्देश्यों के दृष्टिकोण से संसा-धनों के आवंटन के सारे प्रश्न पर नये सिरे से विचार किया जाना चाहिये।

केवल किसी राज्य के क्षेत्र के आकार और वहां से उगाही गई करों की राशि को ही ध्यान में रखते हुये निधि की मात्रा और राज्य की जन संख्या के आधार पर निधि का उचित वितरण करने के सम्बन्ध में प्रयत्न करना ही शायद पर्याप्त नहीं है। जहां तक राशि व्यय करने का सम्बन्ध है, राज्यों के पिछडपन को भी ध्यान में रखा जाना चाहिये। परन्तु इस से भी अधिक महत्वपूर्ण बात यह है, देश की परिस्थितियों को पूरी तरह समझा जाये। उन सामजिक उद्देश्यों को पूरा करने के लिये मैंने संकल्प कर रखा है ।

हमें यह देखना है कि उन उद्देश्यों की पूर्ति की जाये और उन विद्यमान संसाधनों के बीच सापेक्षता पैदा की जाये जिनको हमने अपने इन उद्देश्यों को पूर्ति के लिये इस प्रकार जुटाया है, कि इस से अच्छा फल प्राप्त हो । धन को व्यय करने के संबंध में अपने विचारों में परिवर्तन करने का समय आ गया है।

श्री युद्धवीर सिंह चौधरी ने पंजाब के उद्योगों की आर्थिक कठिनाईयों का प्रश्न उठाया है। ऐसी समस्याओं को हल करने के संसाधन सरकार के पास है । देश में गन्धक की मूल रुप से कमी है और इस कमी को बाहर से गन्धक मंगाकर और उससे सल्फ्यूरिक एसिड़ तैयार करके दूर नहीं कर सकते । सरकार की नीति बिहार में पाये गये अपने स्थानीय संसाधनों से गन्धक निकालने की होनी चाहिये। सरकार को विभिन्न प्रयोजनों के लिए राष्ट्र को गन्धक उपलब्ध कराने के लिये विशेष रुप से रक्षित निधियों से धन का आवंटन करना चाहिये।

श्री काशीराम गुप्त (अलवर) : इन विधेयकों को प्रस्तुत करने से पूर्व वित्त आयोग के प्रतिवेदन पर चर्चा की जानी चाहिये थी। जिस वर्तमान तरीके के आधार पर यह विधेयक सभा में प्रस्तुत किये गये है, वे पुराने सिद्धांत हैं धन राशि के नियत करने की वर्तमान प्रणाली में बहुत ज्यादा परिवर्तन किये जाने चाहिय ।

जनता के ध्यान में यह बात आ चुकी है कि राज्यों में बिक्री कर लगाने से भ्रष्टाचार उत्पन्न होता है। सरकार बिक्री कर के स्थान पर राज्यों के उत्पादन शुल्क के जरिये राजस्व के कुछ भाग का आवंटन करे। यदि राज्य इस बात का अनुरोध करें कि बिक्री कर रहना

चाहिये तो केन्द्र उन्हें धन राशि नियत करने के प्रश्न पर विचार करें। अब समय है कि देश के समचे कर ढांचे में आमूल परिवर्तन किया जाये। यह देखने के लिये एक आयोग स्थापित किया जाये कि राज्यों तथा केन्द्र में धन नियत करने का आधार क्या हो और यदि आवश्यक हो तो संविधान में परिवर्तन किया जाये।

श्री युद्धवीर सिंह ने सीमान्त राज्यों की वर्तमान स्थिति के बारे में महत्वपूर्ण प्रश्न उठाया है। राजस्थान की स्थिति भी वैसी ही है वह पिछड़ा हुआ राज्य है। यह स्थिति निरंतर बनी आ रही है। इसलिए, इस विधेयक में प्रतिशतता के सम्बन्ध में आमूल परिवर्तन किया जाये और उन बातों को इसमें शामिल किया जाये जिनके बारे में आयोग ने कोई उल्लेख नहीं किया है। धन राशि नियत करने के विषय में हमें इस बात का ध्यान रखना चाहिये कि ऐसे राज्यों को दूसरी दिशाओं में अग्रेतर करारोपण की अनुमति न दी जाये जिन्हें कि इस समय भू-राजस्व, बनों और उत्पादन शुल्क से आय प्राप्त है। उन मामलों को केन्द्र स्वयं अपने हाथ में ले। विद्युत् जैसे सभी विषयों को केन्द्र अपने अधिकार म ले ले और निधियों का पुर्नविटन केन्द्र द्वारा किये गये उपायों को विचाराधीन रख कर किया जाये। यदि राज्यों को निधियां किन्हीं निश्चित प्रयोजनों से दी जाती हैं तो सरकार को उन निधियों पर नियंत्रण रखना चाहिये। वर्तमान स्थिति यह है कि राज्य अधिकर राशियों की मांग करते हैं और उन्हें अपनी इच्छा के अनुसार व्यय करना पड़ता है जिससे बहुत खराब परिणाम निकलते हैं और साथ ही राज्य कोई उत्तरदायित्व अपने ऊपर नहीं लेते।

कृषि उत्पादन के सम्बन्ध में वास्तविक शक्ति राज्यों के हाथ में है। केन्द्र को इस सम्बन्ध में समन्वय करना होता है। इस सम्बन्ध में सब कुछ केन्द्रीय निदेशों के अनुसार करना होता है परन्तु केन्द्रीय निर्देशों का पालन नहीं किया जाता है। मैं वित्त मंत्री से निवेदन करता हूँ कि इस बात की ओर देखें कि देश का समूचा कर ढांचा सरल किया जाये।

श्री अल्वारेस (पंजिम): वित्त आयोग ने अपने प्रतिवेदन में बहुत कुछ मूलभूत प्रश्नों को उठाया है। यह उचित होता यदि वित्त मंत्री के प्रतिवेदन में दी गई सिफारिशों पर उसी रूप में सभा को विचार करने के लिए कहा होता। राज्यों के प्रतिनिधि संघ सरकार में वित्त सम्बन्धी शक्तियों का और अधिक केन्द्रीकरण करने के सम्बन्ध में वित्त आयोग से लगातार शिकायत करते रहे हैं। सम्बन्धित राज्यों द्वारा बिक्री कर की बजाये कुछ अतिरिक्त उत्पादन शुल्कों की उगाही करने के सम्बन्ध में यह एक सामान्य शिकायत है कि संघ सरकार स्वविवेक से उन में परिवर्तन कर सकती है। इस के फलस्वरूप राज्यों को मिलने वाले अंश घटता बढता रहेगा और इस कारण वह पहले से ही योजना नहीं बना सकेंगे।

एक महत्वपूर्ण बात, जिस पर इतना अधिक ध्यान नहीं दिया गया है, यह है कि कई राज्यों को सामाजिक विकास प्रयोजनों के लिए धन की आवश्यकता है। संविधान के अनुच्छेद 205 के अन्तर्गत यह केन्द्रीय सरकार की जिम्मेवारी है कि ऐसे राज्यों को सहातानुदान दिया जाये जिन्हें विकास कार्यक्रम करना है और अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के पुनर्वास के लिये कार्य करना है। सरकार को इस मामले पर विचार करना चाहिये।

राज्य सरकारों ने यह भी तर्क दिया है कि जब पहले वित्त आयोग की नियुक्ति की गई थी तो उस समय योजना सम्बन्धी इतना व्यय नहीं था जितना कि अब किये जा रहे व्यय में शामिल है। सारा आधार ही बदल गया है और इसीलिए राज्यों ने ठीक ही कहा है कि जब उन्होंने बड़े पैमाने पर आयोजित व्यय का उत्तरदायित्व अपने उपर लिया है तो उन्हें विभाज्य आस्तियों में इस समय मिल रही राशि से अधिक राशि मिलनी चाहिये।

[श्री० अल्वारेस]

विचार विमर्श करने का कोई साधन स्थापित करने के सम्बन्ध में कहा गया है। कोई ऐसा उपबन्ध किया जाना चाहिये जिससे लगातार विचार विमर्श किया जा सके। माननीय वित्त मंत्री को इस सुझाव पर विचार करना चाहिए कि विचार विमर्श के लिए कोई स्थायी व्यवस्था की जाये। यह आवश्यक नहीं है कि एसा कुछ अवधि के बाद ही किया जा सके।

राज्य सरकारों द्वारा लिये गये ऋण का प्रबन्ध करने, ब्याज देने और ऋण चुकाने के लिये व्यवस्था करने के प्रश्न पर भी विचार किया जाना चाहिये। रिजर्व बैंक ने बार बार यह शिकायत की है कि राज्य इतने अधिक ऋण ले रहे है कि उनकों चुकाने के लिये उनके पास साधन नहीं हैं। जिस प्रकार राज्यों पर बोझा पड़ रहा है, इस पर विचार किया जाना चाहिये। अपनी परियोजनाओं और केंद्रीय सरकार की कुछ परियोजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए राज्यों ने जो बहुत बड़े सार्वजनिक ऋण लिए है उनको चुकाने की कोई सम्भावना दिखाई नहीं देती है।

श्री अ० ना० विद्यालंकार (होशियारपुर) : श्रीमान्, उन विधेयकों पर चर्चा से पूर्व सभा में वित्त आयोग के प्रतिवेदन पर कुछ चर्चा की जानी चाहिये थी जिसके आधार पर विधेयक तैयार किये जाते। जिस आधार पर वित्त निगम ने अपने प्रस्ताव किये है, उनमें परिवर्तन की आवश्यकता है क्योंकि नई स्थिति पैदा हो गई है और राज्यों तथा केन्द्र में नई आवश्यकताएं पैदा हो गई है। वास्तव में कराधान के समुचे ढ़ांचे पर और विभाज्य आप के आवंटन के आधार पर कुछ पुनर्विचार की आवश्यकता है, क्योंकि राज्य यह अनुभव करने लगे हैं कि उनके पास कोई संसाधन नहीं रह गये हैं केन्द्र के पास कुछ संसाधन हैं।

अधिकांश राज्यों की ओर आवश्यक तथा उचित ध्यान नहीं दिया गया है। पंजाब जिन परिस्थितियों से गुजर रहा है, उनको देखते हुये उस पर उचित ध्यान नहीं दिया गया है। स्वतंत्रता प्राप्त के बाद से ही पंजाब को बहुत कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ा है। वित्त मंत्री को उन राज्यों को आवश्यकताओं पर सहानुभूति से विचार करना चाहिये जो राज्य कठिन परिस्थितियों में फंसे हुये है।

हमारा उद्देश्य यह होना चाहिये कि राज्य उन्नति करें। वितरण के आधार में परिवर्तन किया जाना चाहिये। मुझे आशा है कि वित्त मंत्री उस पर ध्यान देंगे।

श्री राधेलाल व्यास (उज्जैन) : मेरे से पूर्व वक्ता ने जो विचार व्यक्त किये हैं, उनसे मैं पूरी तरह सहमत हूं। जिन दृष्टिकोणों से विभिन्न राज्यों को राशियां आवंटित की जाती है, वह दृष्टिकोण उन राज्यों की आवश्यकताओं पर आधारित होने चाहिये। सिंचाई, संचार, शिक्षा और दूसरे मामलों में मध्य प्रदेश बहुत ही पिछड़ा हुआ है। वहां बहुत अधिक कर लगाये गये हैं। अब और कर नहीं लगाये जा सकते। राज्यों के आवंटन का आधार आय या जनसंख्या नहीं होनी चाहिये बल्कि उनका पिछड़ापन होना चाहिय। मध्य प्रदेश के सम्बन्ध में एक महत्वपूर्ण बात यह है कि वहां 34 प्रतिशत लोग अनसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों के हैं और व बहुत पिछड़े हुये हैं। बहुत से ग्रामों में पीने के जल की सुविधा तक नहीं है। यदि कोई सरकार जल की व्यवस्था भी नहीं कर सकती तो उसे कल्याणकारी राज्य नहीं कहा जा सकता।

इस बात पर भी विचार किया जाना चाहिये कि कुछ राज्यों में चल रहे बहुत से कारखानों के मुख्यालय बम्बई या कलकत्ता में हैं। इसका परिणाम यह होता है कि इन कारखानों से जो आय होती है, वह उन राज्यों के खाते में डाल दी जाती है जहां उनके मुख्यालये होते हैं। इस से आवंटन के मामले से उन राज्यों को हानि होती है, जहां यह कारखाने स्थापित होते है।

डा० मा० श्री० अणे (नागपुर) : मैं इस विचार से सहमत हूं कि इस सभा में विधेयकों पर विचार किये जाने से पहले वित्त आयोग के प्रतिवदन पर विचार किया जाना चाहिये था। आजकल बड़ी कठिनाई यह है कि विकास कार्यक्रमों के कारण, राज्य सरकारों की देनदारियां बढ़ रही है परन्तु उनकी आय इतनी नहीं बढ़ी है। अतः राज्य केन्द्रीय सरकार से बहुत अधिक सहायता की आशा करते हैं। इस मामले पर गम्भीरता पूर्वक जांच को जानी चाहिये।

वित्त मंत्री को शीघ्र ही एक आयोग नियुक्त करने के प्रश्न पर विचार करना चाहिये जो राज्यों की देनदारियां और उनको दो जाने वाली राशि के अनुपात के सम्पूर्ण प्रश्न की जांच करे। इस प्रश्न की अधिक विस्तार पूर्वक जांच की जानी चाहिये।

मेरे विचार में वित्त निगम की सिफारिशें और सुझाव जिन्हें इन विधयकों में समाविष्ट किया गया है, ऐसे हैं जिनका सभा द्वारा अनुमोदन किया जाना चाहिये। मैं इन विधेयकों का पूर्ण समर्थन करता हूं।

Shri Madhu Limaye (Monghyr) : The Bill before us is regarding the allocation of money by the Centre to the States.

The first duty of the Planning Commission is to see that all the parts of the Country develop on equal footing. But I am sorry to say that the Planning Commission have paid no heed to this most important question. So much so that Government did not reply to a question asked by me in the Budget Session as to what is the *per capita* income of the persons residing in various States. If the Government does not know this basic thing then how do they chalk out their Plans ?

But I want to draw your attention to the book named "Distribution of National Income by States 1960-61". Wherein it is Stated that the *per capita* income in Delhi is Rs. 871, in Maharashtra Rs. 468, in Bengal Rs. 464 in Punjab Rs. 451 and in Bihar it is the lowest *i.e.* Rs. 220.

I would also like to draw your attention towards the literacy of the country. The figures reveal that it is eleven per cent in Jammu and Kashmir, 17 per cent in Madhya Pradesh, 17 per cent in Nagaland, 15 per cent in Rajasthan, 17 per cent in Uttar Pradesh and 18 per cent in Bihar.

I have mentioned these figures because in the constitution it has been provided that their should be free and compulsory education in the country.

Then a discussion was going on regarding the food situation of the country. Mention was also made of fertilisers. I give no less importance to fertilisers but these should not be supplied where irrigation facilities are not available. Here also I would like to say that there is a very good arrangement of irrigation in Jammu and Kashmir, Andhra Pradesh, Madras and Punjab. But in Maharashtra, Gujarat and Mysore irrigation facilities are very less. Hence it becomes the primary duty of the Planning Commission to remove this inequality.

I would request the Government to allocate the amount to States in such a way that the undeveloped and backward areas also progress. It would also be better if grants are allocated on the basis of particular items.

[Shri Madhu Limaye]

I would also like to say something about the Finance Commission. Now either the Finance Commission should be merged with the Planning Commission and given Constitutional recognition or there should be two Committees—one can do the general work of the planning and the other can handle the allocation work. Inequality in any field should also be removed. This is all I have to say today.

श्री द्वा० ना० तिवारी (गोपालगंज) : मेरे विचारसे देश का विकास शरीर के विकास की भान्ति ही होता है। जिस प्रकार से शरीर को किसी भी अंग के शिथिल रहने से सारा शरीर ही शिथिल हो जाता है उसी प्रकार से देश के किसी भी भाग के पिछड़ा रह जाने से उस देश का विकास नहीं हो सकता।

श्री मधु लिमये जी ने जो प्रति व्यक्ति आय के आंकड़े दिये थे उनसे पता चलता है कि बिहार की प्रति व्यक्ति आय 220 रुपये है। कई इलाकों में तो प्रति व्यक्ति आय 100 रुपये से भी कम है। दरभंगा और सारन में तो प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष आय केवल 72 रुपये है। पंडित जवाहरलाल नेहरु जी के समय में जब डा० राम मनोहर लोहिया ने कहा था कि देश के कुछ भागों में कुछ लोगों की आय तो तीन चार आने प्रति दिन ही है तब इस बात का खण्डन किया गया था। परन्तु इन आंकड़ों को देखने से पता चलता है कि जो कुछ उन्होंने कहा था वह ठीक ही था। उत्तर बिहार की भूमि बहुत उपजाऊ है परंतु राज्य सरकार अथवा केन्द्रीय सरकार की उपेक्षा के कारण वह इलाका बहुत पिछड़ा रह गया है। वहां के लोग भी समझदार हैं। वहां डा० राजन्द्रप्रसाद, मौलाना मजरुल हक आदि महान व्यक्ति पदा हुए हैं। परन्तु मनुष्य द्वारा की गई व्यवस्था के कारण वहां के लोग बहुत पीछे रह गये हैं। चीनी उद्योग के अतिरिक्त वहां कोई उद्योग नहीं है। बहुत से लोग बेकार हैं। इस लिये मैं वित्त मंत्री महोदय से प्रार्थना करुंगा कि वह कुछ ऐसी योजनायें बनायें ताकि उत्तर बिहार का इलाका भी दूसरें राज्यों के समान विकसित हो सके। इस के लिये वह मोतीहारी में पटसन उद्योग और सारन में खोई उद्योग स्थापित कर सकते हैं।

उत्तर बिहार में दक्षिण बिहार की तरह शिक्षा सम्बन्धी सुविधायें भी प्रदान नहीं की जा रही हैं। यदि दक्षिण बिहार में साक्षरता 20 है तो उत्तर बिहार में 13 अथवा 14 ही है। अत: शिक्षा के क्षेत्र में अथवा आर्थिक दृष्टि से उत्तर बिहार बहुत पिछड़ा हुआ है। आय के वितरण के बारे में भी यह इलाका बहुत पिछड़ा हुआ है।

इस विधेयक में ऐसा कोई उपबन्ध नहीं किया गया है कि वहां के पिछड़ेपन को दूर करने के लिये कुछ धन नियत किया जाये। यदि ऐसा करना सम्भव नहीं है तो किसी अन्य तरीके से सुविधायें प्रदान की जानी चाहिये।

कुछ वर्ष पूर्व उत्तर प्रदेश के किसी सदस्य ने पूर्वी उत्तर प्रदेश के बारे में प्रश्न उठाया था। उन्होंने यह बताया था कि वह इलाका पिछड़ा हुआ है। जब पंडित जवाहरलाल जी ने यह सुना तो उन्होंने एक समिति नियुक्त की और उसे उस क्षेत्र में सुधार करने के ऊपाय सुझाने के लिये आदेश दिया। इस लिये मैं मंत्री महोदय से प्रार्थना करूंगा कि वह भी ऐसी ही समिति नियुक्त करें ताकि उनको पता लग सके कि वह उस इलाके का कैसे सुधार कर सकते हैं।

अन्त में मैं फिर यही कहना चाहता हूं कि बिहार में प्राकृतिक संसाधनों की कमी नहीं है परन्तु वह इलाका फिर भी पिछड़ा हुआ है। प्राकृतिक संसाधनों का विदोहन करने के लिये भी धन की आवश्यकता होती है। इस लिये मैं मंत्री महोदय से प्रार्थना करूंगा कि राज्य को सहायता देने के लिये वह कुछ और उपाय ढूंढे।

वित्त मंत्री (श्री ति० त० कृष्णमाचारी) : इन विधेयकों पर चर्चा करते समय माननीय सदस्यों ने जो प्रश्न किये हैं उन सब का उत्तर देना मेरा लिये सम्भव नहीं है। मैं इस बात से सहमत हूं कि माननीय सदस्यों ने जो बाते कहीं हैं वे सब ठीक हैं। क्योंकि इन सब बातों का सम्बन्ध कुछ विशिष्ट राज्यों से है इसलिये उनपर अवश्य विचार किया जाना चाहिये।

परन्तु समझने की बात तो यह है कि राज्यों को कुछ धन तो काननी जिम्मेवारी के कारण दिया जाता है और कुछ धन स्वविवेक से दिया जाता है। स्वविवेक से धन देते समय समूचे देश की विकास सम्बन्धी आवश्यकताओं को ध्यान में रखा जाता है और योजना आयोग की सिफारिश से दिया जाता है।

राज्य बहुत हद तक स्वायत्तशासी हैं और इस स्वायत्तता को बनाये रखने के लिये केन्द्रीय सरकार ने स्वविवेक के तत्व को अपने हाथ में ले लिया है अर्थात् राज्यों के प्रशासन के लिये आवश्यक धन देने में वह उसका प्रयोग करती है।

तब भारत का समान विकास करने और आर्थिक विकास करने का प्रश्न आता है। यह कानूनी आधार पर नहीं किया जा सकता। इसीलियें हमने योजना आयोग बनाया है ताकि हमें स्थायी रूपसे परामर्श मिलता रहे।

वित्त आयोग के सदस्यों ने पुन: यह प्रश्न उठाया था कि क्या वित्त आयोग का होना आवश्यक है या योजना आयोग ही उनका काम कर सकता है और एक संविहित निकाय बन सकता है। तथ्य तो यह है कि योजना आयोग संविहित निकाय नहीं बन सकता क्योंकि यह निर्णय करने का अधिकार, कि क्या किया जाना चाहिये और क्या नहीं, राज्यों के अलावा अन्ततोगत्वा इस सभा का होना चाहिये। यह सभा भी परामश देने के अतिरिक्त और कुछ नहीं कर सकती और यह संविधान के अन्तर्गत नियुक्त किये गये आयोग के आधार पर किया जाता है।

अब मैं वित आयोग पर आता हूं। वित्त आयोग सरकार को चलाने के लिये अपेक्षित आवश्यकताओं को ध्यान में रख कर कुछ अधिक धन राज्यों को देने का सुझाव दे देता है। मुझ इसपर कोई आपत्ति नहीं है परन्तु जब योजना के लिये संसाधनों की कमी हो जाती है तो हमें कुछ परियोजनाओं को बन्द भी करना पड़ जाता है।

राज्यों को धन देने के आधार पर भी आपत्ति की गई है। यह देखते हुए ही तो हम ने वित्त आयोग नियुक्त किया है। चूंकि हमारे लिये यह सम्भव नहीं है कि हम सब यहां बैठ कर यह निश्चय कर सकें कि किस किस राज्य को कितना कितना धन दिया जाना चाहिये इसी लिये हमने विशेषज्ञ समिति नियुक्त की है। हो सकता है कि हम में से कुछ सदस्य उनके निर्णय से सन्तुष्ट न हों परन्तु बहुत से राज्यों ने वित्त अयोग की सिफारिशों का अनुमोदन किया है।

कई माननीय सदस्यों ने भिन्न भिन्न सिद्धान्तों का सुझाव दिया है। कुछ ने कहा है कि राज्यों को धन का नियतन 80 प्रति शत जनसंख्या के आधार पर और 20 प्रति शत धन की वसूली के आधार पर न करके 100 प्रतिशत जनसंख्या के आधार पर होना चाहिये। यह एक ऐसा प्रश्न है जिस पर अवश्य निर्णय किया जाना चाहिये। उत्तर प्रदेश के लोग तो कहेंगे कि जनसंख्या के आधार पर होना चाहिये और महाराष्ट्र और बंगाल के लोग कहेंगे कि धनवसूली के आधार पर होना चाहिये। परन्तु मेरे विचार से जिन राज्यों से हम धन वसूल करते हैं हमें उनको कुछ अधिक धन नियत करना चाहिये ताकि उनका हित बना रहे। मुझे पता है कि भू राजस्व वसूल करने में कितनी कठिनाई होती है। समाहर्त्ताओं को काफी घूमना पड़ता है। यदि हम सारा ही धन उनसे ले लें तो वे हमें अपना सहयोग नहीं देंगे। इन सब बातों को ध्यान में रखकर ही वित्त आयोग सिफारिशें करता हैं।

[श्री० ति० त० कृष्णमाचारी]

एक माननीय सदस्य जिनके लिये मेरे दिल में बहुत आदर है उन्होंने प्रश्न किया था कि वित्त आयोग के सदस्यों को किस योग्यता के आधार पर चुना गया है। मैं उन्हें यह बताना चाहता हूं कि यदि कोई निष्पक्ष निकाय इस आयोग के गठन को देख तो वह इसी निष्कर्ष पर पहुंचेगा कि चयन बहुत ही अच्छा हुआ है।

इस आयोग का सभापति केवल एक प्रसिद्ध विधिवेत्ता ही नहीं है बल्कि उन्हें काफी संसारिक ज्ञान भी है। जब श्री राजा मन्नार ने आयोग का कार्यभार सम्भाला था तो मुझे उससे बहुत प्रसन्नता हुई थी। मैं यह भी स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि यह चयन मने नहीं किया था। मैंने तो मुख्य न्यायाधिपति से यह पद भरने के लिय कहा था। उन्होंने इस नाम का सुझाव दिया जो हमने प्रसन्नता से स्वीकार किया।

इस आयोग के अन्य सदस्य भी ख्यातिप्राप्त व्यक्ति हैं। श्री मोहन लाल गौतम राजनीति में, प्रोफेसर कारव सामान्य वित्त में, प्रोफेसर बाबतोष दत्त, जो प्रसिद्ध अथशास्त्री भी है, आंकड़ा और सामान्य ज्ञान में प्रारंगित है। इस लिये मैं श्री दी० चं० शर्मा जी से इस बात पर सहमत नहीं हूं कि आयोग के सदस्यों में योग्यता में कमी है। मेरे विचार से तो आयोग के काम के स्वरुप को देखते हुए ऐसे व्यक्तियों का मिलना कठिन ही था।

दूसरी बात जो कुछ काम वित्त आयोग ने किया है उस के बारे में है। प्रत्येक राज्य की अपनी अपनी कठिनाइयां होती हैं। इस लिये ऋण लेने के लिय उन्होंने सब कठिनाइयों को आयोग के सामने रखा। आयोग ने सब राज्यों की कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए उनको धन का नियतन कर दिया। इस लिये आयोग का उसमें कोई दोष नहीं है। अखिरकार जो कठिनाइयां उनको बताई गई थीं उनको देखते हुए ही तो उन्होंने कोई सिद्धान्त बनाना था।

आप दिल्ली को ही ले लीजिये। यहां की प्रति व्यक्ति आय अन्य राज्यों की तुलना में बहुत अधिक है। परन्तु यहां भी बहुत लोग गरीब हैं। यदि एक गन्दी बस्ती समाप्त कर दी जाती हैं तो और बन जाती है। हमें इस बात का पता है परन्तु क्या किया जा सकता है।

हमें पता है कि दिल्ली के कुछ इलाकों में पानी की कमी है परन्तु जब तक हमें भारी मात्रा में पानी उपलब्ध न हो हम इस समस्या को कैसे हल कर सकते हैं। केवल विचार कर लेने से ही समस्या हल नहीं हो जाती है क्योंकि उसका हल तो अन्य कारणों की वजह से रुका हुआ है। इस लिय यह कहना ठीक नहीं है कि वित्त आयोग ने जोवन स्तर, लोगों की कठिनाइयां, पानी की कमी आदि को ध्यान में नहीं रखा है।

मेरे माननीय मित्र श्री मालवीय जी ने कहा था कि वित्त आयोग को "सल्फर और पाइराईटस" की देश की मांग को भी ध्यान में रखना चाहिये। परन्तु इस पर ध्यान करना तो योजना आयोग का काम है। इस लिये वित्त आयोग की जो आलोचना की गई है अपने अपने राज्य का विकास करने की इच्छा को ध्यान में रख कर ही की गई है। उनके सामने जो आधार रखे गये थे उनको देखते हुए ही उन्होंने निर्णय किये। हो सकता है कि उन्होंने जो निर्णय किये हैं वे गलत भी हों। उदाहरण के तौर पर प्रो० शर्मा ने पूछा था कि क्या आयोग ने राज्यों के घाटे को भी ध्यान में रखा था। पृष्ठ 159 कण्डिका 133 को पढ़ने से पता चलता है कि उन्होंने घाटे को भी ध्यान में रखा था। उन्होंने कहा है कि केरल में पाच वर्षों में 104 करोड़ रुपये और उड़ीसा में 145 करोड़ रुपये का घाटा रहेगा। इसी प्रकार के और उदाहरण भी मिलते हैं।

अब राज्यों की आवश्यकताओं का प्रश्न आता है। इस बारे में बोलने से पहले हमें यह सोच लेना चाहिये कि राज्यों के प्रशासन का मुख्य उत्तरदायित्व स्वयं राज्यों का है। कुछ ऐसी चीजे हैं, जिनके लिये ऊन्हें बाहर की सहायता चाहिये। तब योजना आयोग की आवश्यकता पड़ती है। परन्तु योजना पर अथवा विकास पर, सामाजिक सेवाओं पर अथवा सड़कों पर धन व्यय किया जाये यह सोचना योजना आयोग

का काम है । योजना आयोग सिफारिश कर सकता है कि चूँकि अमक राज्य अनावश्यक वस्तुओं पर धन खर्च कर रहा है इस लिये हम योजना के लिये उन्हें रुपया नहीं दे सकते । हम इस ओर उनका ध्यान आकर्षित कर सकते हैं । परन्तु इस पर हमारा नियंत्रण नहीं हैं । श्री काशीराम गुप्त ने तो कहा था कि राज्यों पर हमारा नियंत्रण होना चाहिये । परन्तु ऐसा नहीं हो सकता है । ऐसा करना असंवैधानिक है । हम राज्यों से विचार विमर्श करते हैं, परन्तु हम उन्हें यह नहीं बता सकते कि केन्द्र कौन से कर लगायेगा ।

वित्त के मामलों में लोक सभा का ही उत्तरदायित्व होता हैं । राज्य सभा तो केवल सिफारिश ही कर सकती है परन्तु उसे स्वीकार अथवा अस्वीकार करना लोक सभा पर ही निर्भर करता है । चूंकि हम सब मिल कर यह तय नहीं कर सकते कि किस किस राज्य को कितना कितना अनुदान दिया जाय इस लिये हम ने वित्त आयोग नियुक्त किया हुआ है जिस के लिये संविधान में भी प्रबन्ध किया गया है । हम शिकायतों के साथ साथ नियतन में परिवर्तन नहीं कर सकते हैं ।

चूँकि पिछडे हुए राज्यों मे विभिन्न परियोजनायें पूरी हो रही हैं इस लिये उन क्षेत्रों की परिस्थिति में भी परिवतन होगा । बिहार में कोसी बान्ध और गंडक बान्ध पूरे हो जायेंगे तो वहां के लोग खुशहाल हो जायेंगे । यदि वहां सेम की समस्या हल हो जाय और यदि हम वहां के किसानों को बीज और अच्छा उर्वरक आदि दे सकें तो वहां खाद्य का उत्पादन भारत मे सब से अधिक हो सकता है । मध्य प्रदेश में सिंचाई व्यवस्था करने के लिये भी प्रश्न उठाया गया था परन्तु वहा सिंचाई व्यवस्था करना बहुत कठिन है । मैं मानता हूं कि उनकी दशा दयनीय है । राजस्थान मरुस्थल के बारे में भी प्रश्न उठाया गया था । हो सकता है कि राजस्थान कनाल के कारण कुछ फर्क पड जाये ।

हमारे देश की समस्याओं बहुत अधिक हैं । इसलिये हम वित्त आयोग को राज्यों का प्रशासन भार, केन्द्रीय सरकार तथा योजनायें आयोग का काम अपने हाथ मे लेने और सभी प्रकार की त्रुटियों को दूर करने के लिये सिफारिश करने के लिये नहीं कह सकते । जो जो बातें माननीय सदस्यों ने कहीं है और जिन्हें किसी हद तक लागू किया जा सकता है हम उनका ध्यान रखेंगे और योजना आयोग को प्रस्तुत कर देंगे ।

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि संघ उत्पादन-शुल्क (वितरण) अधिनियम, 1962 में अग्रेतर संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाये ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।/*The motion was adopted.*

उपाध्यक्ष महोदय : अब हम विधेयक पर खण्डवार चर्चा करेंगे ।

प्रश्न यह है :

"कि खण्ड 1 से 5, अधिनियम सूत्र और विधेयक का नाम विधयक में जोड़ दिय जाये ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।/*The motion was adopted*

खण्ड 1 से 5, अधिनियमन सूत्र और विधेयक का नाम विधेयक में जोड़ दिये गये । /*Clauses 1 to 5 the Enacting Formula and the title were added to the Bill*

श्री ति० त० कृष्णमाचारी : मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि विधेयक को परित किया जाये ।"

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि विधेयक को पारित किया जाये ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।/*The motion was adopted.*

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि अतिरिक्त उत्पादन-शुल्क (विशेष महत्व की वस्तुएं) अधिनियम, 1957 में अग्रेतर संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाये ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ । /*The motion was adopted.*

उपाध्यक्ष महोदय : अब हम विधेयक पर खण्डवार विचार करेंगे ।

प्रश्न यह है :

"कि खण्ड 1 से 3, अधिनियमन सूत्र और विधेयक का नाम विधेयक में जोड़ दिये जाये ।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।/*The motion was adopted.*

खंन्ड 1 से 3 अधिनियमन सूत्र और विधेयका नाम विधेयक में जोड दिये गये । / *Clauses 1 to 3 The Enacting Formula and the Title were added to the Bill*

श्री ति० त० कृष्णमाचारी : मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि विधेयक को पारित किया जाये ।"

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि विधेयक को पारित किया जाये ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।/*The motion was adopted.*

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि सम्पदा-शुल्क (वितरण), अधिनियम, 1962 में अग्रेतर संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाये ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ । /*The motion was adopted.*

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

कि खण्ड 1 से 3 अधिनियमन सूत्र और विधेयक का नाम विधेयक का अंग बने ।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ/*The motion was adopted.*

खण्ड 1 से 3, अधिनियमन सूत्र और विधेयक का नाम विधेयक में जोड़ दिये गये । /*Clauses 1 to 3 The Enacting Formula and the Title were added to the Bills.*

श्री ति० त० कृष्णमाचारी : मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि विधेयक को पारित किया जाये" ।

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि विधेयक को पारित किया जाये" ।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ /*The motion was adopted.*

गोवा, दमण और दीव (समाविष्ट कर्मचारी) विधेयक

GOA, DAMAN AND DEO (ABSORBED EMPLOYEES) BILL

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा संभरण मंत्री (श्री हाथी) : मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि गोवा, दमण और दीव के संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासन के संसंग में सेवा के लिये समाविष्ट व्यक्तियों की सेवा को शर्तों के विनियमन के लिये और उससे संसक्त मामलों के लिये उपलब्ध करने वाले विधयक पर विचार किया जाये ।"

यह विधेयक छोटा तो है परन्तु जो लोग गोवा दमण और दीव के प्रशासन में तथा भारत सरकार के विभिन्न विभागों में और कुछ केन्द्रीय संगठनों में कार्य कर रहे हैं, उनकी सेवाओं को एकीकृत करने के विचार से महत्वपूर्ण भी है। मैं इस बात से सहमत हूं कि इसे बहुत पहले लाना चाहिये था क्योंकि सेवायुक्त लोक पिछले 4 वर्षों से अपने अनिश्चित भविष्य के बारे में चिंतित ह और वे इस बात के इच्छुक है कि उनके भविष्य के बारे में निश्चितता होनी चाहिये। अतः हमने इस विधेयक को इसी सत्र में लाने का प्रयत्न किया है।

यह एक सुविदित बात है कि पुर्तगाली शासन काल में विभिन्न श्रेणियां तो थी परन्तु कोई नियमित वेतन-क्रम नहीं थे। उनकी सेवाओं का विनियमन एक विशेष विधि के अन्तर्गत किया जाता था। कुछ मामलों में उन्हें वसूल की गई राशि से वेतन दिया जाता था। यद्यपि रेलवे, तार आदि जैसे कुछ मामलों में निगम बने हुए थे, परन्तु हमने इन निगमों के अधिकारियों को भी समाविष्ट कर लिया है। समाविष्ट किये गय कर्मचारियों की कुल संख्या लगभग 5,000 है। 1240 कर्मचारी केन्द्रीय सरकार के विभागों में कार्य कर रहे हैं। हालांकि इन कर्मचारियों को समाविष्ट कर लिया गया है परन्तु उनकी सेवा की शर्तों का विनियमन उक्त पुराने अधिनियम के अन्तर्गत किया जा रहा है क्योंकि हमारा अपना कोई अधिनियम नहीं है। अब हम इस विधेयक द्वारा उन लोगों की सेवाओं का विनियमन करना चाहते हैं।

इस विधेयक के खण्ड 3 के अन्तर्गत केन्द्रीय सरकार समाविष्ट पदों के लिये भर्ती को विनियमित करने, समाविष्ट कर्मचारियों की सेवा की शर्तों को नियमित करने तथा उन लोगों की सेवा की शर्तों का विनियमन करने, जो दिसम्बर, 1961 के 20वे दिन को किसी निगम अथवा गोवा, दमण तथा दीव के संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासन तथा केन्द्रीय सरकार के किसी विभाग में कार्य कर रहे थे, नियम बना सकेगी।

यह नियम बनाते समय इस बात का पूरा ध्यान रखा जायेगा कि इन से कर्मचारियों को कोई हानि न हो। उनके वर्तमान वेतन में कोई कमी नहीं की जायेगी। जितनी छुट्टी उनको इस समय देय होगी, वह भी उन्हें दी जायेगी। जहां तक भत्तों का सम्बन्ध है, यदि वे केन्द्रीय सरकार द्वारा दिये जा रहे भत्तों को लेना चाहेंगे तो वह ऐसा कर सकेंगे। जो व्यक्ति पहले ही सेवा से निवृत्त हो चुके हैं, उन्हें उतना ही निवृत्तिवेतन मिलता रहेगा जितना अब मिल रहा है। यदि अन्य कर्मचारी भी चाहेंगे तो उन्हें भी पुराने नियमों के अन्तर्गत सेवा नित्तृत्ति-वेतन दिया जायेगा। परन्तु इस दशा में उन्हें वे लाभ नहीं मिलेंगे जो केन्द्रीय सरकार की निवृत्ति-वेतन सम्बन्धी योजना के अन्तर्गत मिल सकते हैं अर्थात उपदान, मृत्यु एवं सेवा निवृत्ति सम्बन्धी लाभ अथवा पारिवारिक निवृत्ति-वेतन आदि। यह सब बातें उनकी इच्छा पर छोड़ दी जायेंगी। इन लोगों के मामले में यथासम्भव उदारता बरती जायेगी।

एक अन्य बात जो मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं वह यह है कि पुराने अधिनियम के अनुसार सेवा से निवृत्त होने की आयु की सीमा 65 वर्ष की है, परन्तु चूंकि देश के अन्य भागों में यह सीमा 58 वर्ष की है इस लिये इस सम्बन्ध में हम उन्हें कोई छूट नहीं दे सकते हैं क्योंकि ऐसा नहीं हो सकता है कि कुछ लोग तो 58 वर्ष की आयु में और अन्य लोग 65 वर्ष की आयु में सेवा से निवृत्त हो। अतः इन कर्मचारियों की, जिनको समाविष्ट किया गया है, निवृत्ति वय 65 वर्ष से घटा कर 58 वर्ष की जा रही है।

[श्री हाथी]

इस विधेयक के सम्बन्ध में प्रस्तुत किये गये तीन संशोधनों का उद्देश्य पहले ही विधेयक से पूरा हो हो जाता है। अतः इनको स्वीकार नहीं किया जा सकता है क्योंकि इन से वास्तव में कोई परिवतन नहीं होता है।

अतः मैं अनुरोध करता हूं कि इस विधेयक पर विचार किया जाये। आशा है सभा इसका समर्थन करेगी ।

उपाध्यक्ष महोदय : प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ।

इस विधेयक के लिये एक घंटा नियत किया गया था। चूंकि इस विधेयक पर चार अथवा पांच सदस्य बोलना चाहते हैं। अतः वह लगभग छः से सात मिनट में अपना अपना भाषण समाप्त कर दें।

श्री शिकरे (मरमागोवा) **:** मुझे इस बात को स्वीकार करने में कोई आपत्ति नहीं है कि सेवा निवृत्ति वयस 58 वर्ष हो परन्तु मैं केवल यह चाहता हूं कि इस खण्ड में यह जोड़ा जाये कि सेवा निवृत्ति वयस वही होगी जो देश के अन्य सभी भागों में है। इस से मेरे मन में उत्पन्न सभी शंकायें दूर हो जायेंगी।

जहां तक अन्य संशोधनों का सम्बन्ध है, मैं मंत्री महोदय की इस बात से सहमत नहीं हूं कि ये संशोधन आवश्यक नहीं है। अधिनियम में उल्लिखित तिथि अर्थात 20 दिसम्बर, 1961 के बाद ऐसे बहुत से उपक्रमों को, जो पहले गैर-सरकारी क्षेत्र में थे, सरकार ने अपने हाथ में ले लिया है और अब वह उपक्रम सरकारी प्रशासन के अधीन आ गये हैं। यह बात मेरी समझ में नहीं आती है कि उक्त उपक्रमों के कर्मचारियों पर यह विधयक क्यों लागू नहीं किया जा रहा है। उन को भी वही सभी सुविधायें दी जानी चाहिये जो अन्य सरकारी कर्मचारियों को देने के लिये यह विधेयक प्रस्तुत किया गया है। ऐसे कर्मचारियों में विरोध की भावना बढ़ रही हैं। इस सम्बन्ध में मुझे दो तार मिले हैं। इन कर्मचारियों ने हड़ताल की धमकी दी है। चूंकि स्थानीय सरकार ने उन्हे आश्वासन दिया था कि इस विधयक के पारित हो जाने से उनकी सभी शिकायतें दूर हो जायगी, परन्तु खेद है कि इन कर्मचारियों को इस विधान के अन्तर्गत नहीं लाया जा रहा है। ऐसे कर्मचारियों की संख्या लगभग 5,000 है। यदि मंत्री महोदय यह बात स्पष्ट कर दे कि यह विधेयक उन पर भी लागू होगा तो फिर शेष कोई झगड़ा ही नहीं रह जायेगा।

[**श्री सोनवने पीठासीन हुए**
SHRI SONAWANE *in the Chair*]

दूसरी बात मैं जो माननीय मंत्री के ध्यान में लाना चाहता हूं वह यह है कि विधेयक में जो परिभाषा दी गई है उससे ऐसा प्रतीत होता है कि गोवा नगर निगम के कर्मचारियों पर यह विधेयक लागू नहीं होगा चूंकि इन कर्मचारियों के लिये अन्य कोई अधिनियम नहीं है जिनके अन्तर्गत इन की सेवा की शर्तों का विनियमन किया जाये, अतः मंत्री महोदय को यह स्पष्ट कर देना चाहिये कि यह विधेयक नगरपालिकाओं के सभी कर्मचारियों पर भी लागू होगा और उन को भी वही सुविधायें दी जायगी जो अन्य सरकारी कर्मचारियों को देने की व्यवस्था की जा रही है।

श्री अल्वारेस (पंजिम) **:** यदि इस विधेयक को कुछ समय पहले लाया जाता तो उस छोटे-से राज्य क्षेत्र में इतना तनाव और कई शंकायें बिल्कुल पैदा ही नहीं होतीं। इस विधेयक में कई त्रुटियां हैं जिनकी ओर मेरे साथी, श्री शिकरे ने मंत्री महोदय का ध्यान दिलाया है।

सब से पहले एक स्पष्ट त्रुटि यह है कि इस विधेयक के अन्तर्गत समाविष्ट कर्मचारियों को वे सभी सुविधायें दी जायगी जो कि उन्हे 20 दिसम्बर, 1961 को उपलब्ध थीं। परन्तु उन में एक परिवतन जो किया जा रहा है वह सेवा निवृत्ति वयस के सम्बन्ध में है। जब उन्हें और सभी सुविधायें दी जा रही हैं तो उनको इस सुविधा से क्यों वंचित किया जाना चाहिये। हमें सेवा की शर्तों में कोई परिवर्तन नहीं करना चाहिये ।

दूसरी बात यह है कि उन कर्मचारियों को जिनको केन्द्रीय सरकार ने अथवा स्थानीय सरकार ने 20 दिसम्बर, 1961 के पश्चात समाविष्ट किया है और नगरपालिका के कर्मचारियों को भी इस विधेयक के अन्तर्गत लाया जाना चाहिये और इन्हें भी वही सुविधायें दी जानी चाहिये जो अन्य

सरकारी कर्मचारियों को दी जा रही है। क्योंकि वहां पर प्रशासन बहुत केन्द्रीकृत है और सभी कर्मचारी सरकार द्वारा ही नामनिदशित किये जाते हैं और इसलिये वे प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से सरकारी कर्मचारी ही हैं। उन बिजली कम्पनियों के कर्मचारियों पर भी यह विधेयक लागू किया जाना चाहिये जिनको केन्द्रीय सरकार ने अपने हाथ में ले लिया है; ऐसे कर्मचारियों की संख्या 300 अथवा 400 से भी कम ही होगी अत: यह उचित ही होगा कि इनको भी यह सभी सुविधायें दी जाये।

जहां तक रेलवे कर्मचारियों का सम्बन्ध है, मैं एक घटना का उल्लेख करना चाहूंगा। 1956 में गोवा की राष्ट्रीय कांग्रेस के कहने पर स्वर्गीय प्रधान मंत्री श्री नेहरू ने गोवा तथा भारत के बीच रेल सेवा स्थगित कर दी थी। उस समय 900 रेलवे कमचारी ऐसे थ जो पुर्तगाल की उपनिवेशी सरकार के साथ सहयोग नहीं करना चाहते थे क्योंकि वे भारत के प्रति वफादार थे, जिन्होंने इन राजनीतिक कारणों से भारत आना उचित समझा था। अब यह कर्मचारी वापिस जाना चाहते हैं। परन्तु इस बीच में वहां पर जो पदोन्नतियां हुई अथवा नये लोग भर्ती किये गये, उन्हें अब वरिष्ठ समझा जाता है। इस सम्बन्ध में इन 900 कर्मचारियों ने सरकार के पास कई अभ्यावेदन भी भेजे हैं परन्तु अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। यह एक बहुत महत्वपूर्ण प्रश्न है। सरकार को इन कर्मचारियों के प्रति अपने कर्तव्य को अवश्य निभाना चाहिये, जिन्होंने अपने राष्ट्र के प्रति अपनी निष्ठा के कारण पुर्तगाल की उपनिवेशी सरकार से असहयोग किया और इस प्रकार वहां चल रहे स्वाधीनता आन्दोलन को सबल बनाया।

श्री वारियर (त्रिचूर) : मैं श्री शिकरे द्वारा प्रस्तुत किये गये संशोधनों का समर्थन करता हूं।

हमारा सामान्य अनुभव यह रहा है कि जब जब भी इस प्रकार सेवाओं को एकीकृत किया जाता रहा है तो उन में जो अच्छी और लाभकारी बातें होती है उन्हें छोड़ दिया जाता है। इस लिये मैं मंत्री महोदय से अनुरोध करना चाहूंगा कि यदि गोवा के कर्मचारी वेतन, महंगाई भत्ता तथा निवृत्ति वेतन के सम्बन्ध में पहले कुछ अधिक लाभ उठाते रहे हैं तो उन्हें इस एकीकरण के समय इन से वंचित नहीं किया जाना चाहिये।

ऐसा देखा गया है कि जब सरकार को कुछ नियम बनाने की शक्ति दे दी जाती है तो वह नियम बना देती है और सभा पटल पर भी उन्हें रख दिया जाता है। परन्तु मेरा अनुभव यह है कि हम में से उनमें कोई दिलचस्पी नहीं लेता है और सरकार जो नियम बना देती है उनकी कोई छानबीन नहीं की जाती है। एक बार विधेयक पारित हो गया तो समझ लिया जाता है कि सब कुछ हो गया। अत: मैं मंत्री महोदय से यह निवेदन करूंगा कि इन नियमों तथा विनियमों को अन्तिम रूप देने से पूर्व कम-से-कम गोवा के सदस्यों को अपने विश्वास में लिया जाये ताकि वे सदस्य जो इन बातों से अवगत हैं, संतुष्ट हो जायें कि इन नियमों से कर्मचारियों को उन लाभकारी शर्तों से वंचित तो नहीं किया जा रहा है जिनके अधीन वे पहले सेवा करते रहे हैं।

आशा है कि प्रस्तुत किये गये दो संशोधनों को स्वीकार कर लिया जायेगा। क्योंकि यदि इन्हें स्वीकार नहीं किया जायेगा तो कुछ समय पश्चात मंत्री महोदय को एक संशोधक विधेयक लाना पड़ेगा। सभी कर्मचारियों के असंतोष को दूर करने के लिये इन दो संशोधनों का माना जाना बहुत आवश्यक है।

जहां तक अर्द्ध-सरकारी कर्मचारियों का सम्बन्ध है, इस विधेयक में यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि यह विधेयक किन किन श्रेणियों पर लागू किया जायेगा। गोवा के अन्य दो माननीय सदस्यों ने नगर-पालिका कर्मचारियों तथा बिजली विभाग के कर्मचारियों का उल्लेख किया है। इसी प्रकार और भी कुछ श्रेणियां हैं जिनको इस विधान से बाहर रखा जा रहा है। ऐसा नहीं किया जाना चाहिये और यह विधेयक कर्मचारियों की भिन्न भिन्न सभी श्रेणियों पर लागू किया जाना चाहिये।

इन शब्दों के साथ मैं संशोधनों का समर्थन करता हूं।

Shri Tulsidas Jadhav (Nanded) : I support the Bill but I would, however, like to give some suggestions in this regard. The rules made or going

[Shri Tulsidas Jadhav]

to be made in regard to the obsorbed employees should be implemented properly. There should be no such feeling that those who have now been absorbed are inferior and others who were previously in the service of the Goa Administration, are superior.

My second point is that this law should also be applicable to those who were appointed after 20th December, 1961.

My third point is that it will not be wise to absorb the employees of Goa in the Central Government Services. After some time Goa, Daman and Diu will have to be merged with other States. Then the rules of those States will be applicable to them. In this way there will be double labour. I would, therefore, say that the sooner these Islands are merged with other States the better it is. It will also be helpful for the Central Government.

Shri Onkar Lal Berwa (Kotah) : I support the amendment of Shri Shinkre. The population of that place is five lakhs and five thousand employees are working there. Out of them twelve hundred employees are likely to get facilities. But I fail to understand why the teachers and the employees of Municipal Corporation will not be provided these facilities. As far as the problem of dearness is concerned it is the same for every body. Before merger they were entitled for all the facilities. But I want to know why Government have not paid any heed towards them after the merger. Some employees have since retired. Had this law been passed earlier they would not been deprived of these benefit.

You will be providing these facilities to 1200 employees but what will happen to the rest 3800 employees. Why they are being deprived of these facilities. Nobody cares for them.

The hon. Member, Shri Jadhav has said just now that after some time these Islands will have to be merged with Maharashtra etc. Then the grades of these employees will have to be altered. It will, therefore, be better if they ar e provided with those facilities just now which they will be given later on.

All the 5000 employees should be treated alike. They should not be discriminated against. They should not feel that they have suffered in any way on account of merger with India.

श्री हाथी : माननीय सदस्यों ने जो सुझाव दिये हैं मैं उनसे सहमत हूं। मैं उनकी इस बात से भी सहमत हूं कि नौकरी पेशा व्यक्तियों के सन्देह को जितनी जल्दी दूर किया जाये उतना ही अच्छा है।

अब प्रश्न दो संशोधनों के बारे में है। पहला संशोधन तो श्री अल्वारेस ने पेंशन के बारे में दिया है। उनका कहना है कि इसे खण्ड 3 (2) में मिला दिया जाये। इसके अनुसार यदि किसी सेवानिवृत्त व्यक्ति की पेंशन इन नियमों के अनुसार मिलने वाली पेंशन से अधिक बैठती हो तो उसे वापिस न लिया जा सके। मैं यह बताना चाहता हूं कि केवल सेवानिवृत्ति के बारे में ही अपवाद किया जा रहा है और वेतन, छुट्टी और भत्ते आदि की शर्तें वहीं रहेंगी।

श्री शिंकरे : माननीय मंत्री जी ठीक कह रहे हैं परन्तु जब तक वह वचन न दे दें तब तक पेंशन वापिस ली जा सकती है।

श्री हाथी : मैं आश्वासन देता हूं और वचन देता हूं कि अन्य सभी चीजें समान रहेंगी केवल सेवानिवृत्ति की आयु बदली जायेगी। वह 65 वर्ष के स्थान पर 58 वर्ष कर दी जायेगी। मैं कोई ऐसा आश्वासन नहीं देना चाहता हूं जिसे मैं पूरा न कर सकूं।

नगर निगम के कर्मचारियों का भी उल्लेख किया गया था। मैं यहां भी साफ साफ कह देना चाहता हूं कि जिन व्यक्तियों को केन्द्रीय सरकार की सेवा में नहीं लिया जा रहा है वे भी वर्तमान कानून के अन्तर्गत मिलने वाली सुविधायें प्राप्त करते रहेंगे। हम वर्तमान कानून को रद्द नहीं कर रहे हैं। इसलिये नगर निगम के कर्मचारियों को जो सुविधायें पहले मिलती हैं वे मिलती रहेंगी। परन्तु यदि नगर निगम चाहे तो वह इन नियमों को अपना सकता है इसमें कोई कठिनाई नहीं होगी परन्तु इसका अर्थ यह नहीं कि वर्तमान कानून से मिलने वाली सुविधाओं से उनको वंचित किया जायेगा। केवल कानून को इस हद तक ही रद्द किया जा रहा है कि सेवानिवृत्ति की आयु को 65 से कम करके 58 किया जायेगा। इस के अतिरिक्त सब अन्य सुविधायें उनको मिलती रहेंगी।

जहां तक रेलवे आदि अन्य कर्मचारियों का सम्बन्ध है यह एक तकनीकी विषय है क्योंकि वे कर्मचारी हुबली में पहले ही काम कर रहे थे। यह एक विशेष विषय है इस बारे में मैं रेलव मंत्रालय से बातचीत करुंगा। क्योंकि वे पहले ही भारत सरकार की सेवा में काम कर रहे थे। इस लिये उनका समाविष्ट नही किया गया। इस बारे में मैं रेलवे मंत्रालय के बातचीत करुंगा।

वहां के सरकारी कर्मचारी बहुत चिन्तित हैं कि उनका क्या बनेगा। इस लिये वे चाहते हैं यह कानून शीघ्र बने। 1200 कमचारियों को तो भारत सरकार की सेवा मेंले लिया गया है। उनमें से कुछ महाराष्ट्र राज्य के हैं और यहा प्रतिनियुक्त किये गये हैं, उनके बारे में तो कोई कठिनाई नही हैं परन्तु वे चाहते हैं कि कोई अन्य निर्णय लेने से पहले नियम बनाये जायें।

जहां तक कानून बनाने का सम्बन्ध है मैं यह आश्वासन देता हूं कि गृह-काय मंत्रालय कानून और व्यवस्था को ही नहीं देखता है वह नौकरी पेशा लोगों के हित को भी देखता है। हम यह भी चाहते हैं कि उनके वेतन और भत्तों को ठेस न पहुंचे और उनका अर्जित अवकाश भी ज़ाया न जाये। यदि वे सेवानिवृत्त हो गये हैं और उनको पेंशन मिल रही है तो हम उन्हें कुछ भी वापिस करने के लिये नहीं कहेंगे।

मुझे आशा है कि इन स्पष्टीकरणों के देखते हुए माननीय सदस्य अपने अपने संशोधन वापिस ले लेंगे और विधेयक को ऐसे ही स्वीकार कर लेंगे।

सभापति महोदय : प्रश्न यह है :

"कि गोवा, दमन और दीव के संघ राज्यक्षेत्र के प्रशासन के संसर्ग में सेवा के लिये समाविष्ट व्यक्तियों की सेवा की शर्तों के विनियमन के लिये और उससे संसक्त मामलों, के लिये उपबन्ध करने वाले विधेयक पर विचार किया जाये।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।/*The motion was adopted.*

सभापति महोदय : अब खण्डवार चर्चा होगी। तीन संशोधन हैं।

श्री शिकरे : गृह मंत्री द्वारा दिये गये आश्वासनों को ध्यान में रखते हुए मैं अपने संशोधन प्रस्तुत नहीं करता हूं।

श्री अल्वारेस : मैं भी अपना संशोधन प्रस्तुत नहीं करता हूं।

सभापति महोदय : क्योंकि कोई भी सदस्य अपना संशोधन प्रस्तुत नही कर रहे हैं इसलिये मैं सभी खण्डों को इकट्ठे लेता हूं।

प्रश्न यह है :

"कि खण्ड 2 से 5, खण्ड 1, अधिनियमन सूत्र और विधेयक का नाम विधेयक में जोड़ दिया जाये।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।/ *The motion was adopted.*

खण्ड 2 से 5 खण्ड 1, अधिनियम सूत्र और विधेयक का नाम विधेयक में जोड़ दिये गये।/
Clauses 2 to 5, Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.

श्री हाथी : मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि विधेयक को पास किया जाये।"

सभापति महोदय : प्रश्न यह है :

"कि विधेयक को पास किया जाये।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।/*The motion was adopted.*

भारतीय प्रशुल्क (संशोधन) विधेयक
INDIAN TARIFF (AMENDMENT) BILL

वाणिज्य मंत्री (श्री मनुभाई शाह) : मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि भारतीय प्रशुल्क अधिनियम, 1934 में अग्रेसर संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाये।"

यह विधेयक भारतीय प्रशुल्क अधिनियम 1934 की पहली अनुसूची में संशोधन करने के लिये प्रस्तुत किया गया है ताकि प्रशुल्क आयोग द्वारा की गई कुछ सिफारिशों पर जो सरकार ने निर्णय किये हैं उन्हें कार्य-रूप दिया जा सके। माननीय सदस्यों को विधेयक के उद्देश्यों तथा कारणों सम्बन्धी विवरण से पता चल गया होगा कि यह विधेयक छः महत्वपूर्ण उद्योगों को दिये जा रहे संरक्षण को 1 जनवरी, 1966 से हटाने के लिये लाया गया है। इन छः उद्योगों के बारे में प्रशुल्क आयोग ने जो सिफारिशे की हैं उनको संक्षेप से बताने वाले पत्र माननीय सदस्यों को दिये जा चुके हैं इस लिये मैं उनके विस्तार में नहीं जाना चाहूंगा।

मैं सबसे पहले प्रशुल्क आयोग की कार्य प्रणाली के बारे में और उद्योगों को दिये जा रहे संरक्षण के बारे में संक्षेप से वर्णन करूंगा।

प्रशुल्क आयोग अधिनियम, 1951 के अंतर्गत जनवरी 1952 में एक स्थायी प्रशुल्क आयोग स्थापित किया गया था। उनके मुख्य कार्य ये हैं (एक) प्रशुल्क सम्बन्धी संरक्षणों के बारे में सरकार से पत्रव्यवहार करना (दो) संरक्षण के कार्यकरण के बारे में जांच पडताल करना (तीन) संरक्षण पा रहे उद्योगों की प्रगति के बारे में निरन्तर ध्यान रखना (चार) वस्तुओं के उचित मूल्य निर्धारित करने पर सरकार से पत्रव्यवहार करना [आदि।

सभा को यह जान कर प्रसन्नता होगी कि देश के इतने उद्योगों में से 1 जनवरी 1965 को केवल 15 उद्योगों को ही संरक्षण की आवश्यकता थी। इसमें वे उद्योग भी सम्मिलत हैं जिनको इस वर्ष के अन्त तक संरक्षण देना बन्द हो जायेगा। इनके अतिरिक्त दियासलाई उद्योग भी है जिसे 1928 में अनिश्चित काल के लिये संरक्षण देना प्रारम्भ किया गया था और जिसे अब संरक्षण देना बन्द करने के लिये मैं सभा से निवेदन करूंगा।

मैं यह भी बताना चाहता हूं कि प्रशुल्क आयोग ने जब दियासलाई उद्योग को संरक्षण बन्द करने की सिफारिश की है तो साथ ही साथ उन्होंने चादर कांच अलौह धातु, बिजली के मोटर, विद्युत् और वितरण टांसफार्मर और स्वचालित चिंगारी प्लग उद्योगों को संरक्षण अभी देते

रहने की सिफारिश की है। सरकार ने दियासिलाई उद्योगों को संरक्षण देना बन्द करने की सिफारिश स्वीकार कर ली है। अन्य पांच उद्योगों को अभी संरक्षण देते रहने की सिफारिश पर अच्छी तरह से विचार किया गया है और यह उचित समझा गया है कि वर्तमान स्थिति को ध्यान में रखते हुए और इस बात को भी ध्यान में रखते हुए कि हमारी योजनायें सफलतापूर्वक चलती रहें और यह भी देखते हुए कि हमने इन वस्तुओं का आयात बन्द कर दिया है और इसलिये इनको किसी प्रतिस्पर्धा का सामना नहीं करना पड़ेगा उनको संरक्षण देना बन्द कर दिया जाना चाहिये। इसलिये मुझे आशा है कि सभा सरकार की इस नीति से सहमत होगी। जब ये उद्योग अच्छी तरह से चल रहे हैं और इन्हें प्रशुल्क संरक्षण के अलावा अन्य तरीकों से भी संरक्षण मिल सकता है तो इसलिये इस संरक्षण को हटाने से कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ेगा। इसलिये सरकार इन वस्तुओं पर 1 जनवरी 1966 से वर्तमान दर के हिसाब से शुल्क लगाना चाहती है। दियासिलाई उद्योग पर भी वही दर लागू होगी।

सभापति महोदय : प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ।

श्री व० बा० गांधी (बम्बई नगर-मध्य दक्षिण) : इस विधेयक के बारे में कहने लायक कोई विशेष बात नहीं है। इस लिये सरकार द्वारा किये गये निर्णयों का मैं समर्थन करता हूं।

37 वर्षों से दियासलाई उद्योग को जो संरक्षण दिया जा रहा था उसको अब न देने के निर्णय का हम सब स्वागत करते हैं। मैं इस उद्योग के बारे में कुछ कहना चाहता हूं। इस उद्योग को 1928 से संरक्षण दिया जाता रहा है। उस समय की और आजकल की स्थितियों में बहुत अन्तर है। अंग्रेज भारत में उद्योगों को विकसित नहीं करना चाहते थे परन्तु कुछ परिस्थितियों के कारण उनको भी अपना दृष्टिकोण बदलना पड़ा। 1914 के प्रथम युद्ध के कारण उनको अपना दृष्टिकोण बदलना ही पड़ा। उन दिनों में जो दियासलाई बाहर से आती थी उसका आना बन्द हो गया और भारत को दियासिलाई के बिना ही गुजारा करना पड़ा। इन परिस्थितियों में अंग्रेजों को भी अपना दृष्टिकोण बदलना पड़ा और उन्होंने 1921 में प्रथम फिसकल आयोग नियुक्त कर दिया। आयोग ने सरकार को सुझाव दिया कि भारत में उद्योगों को संरक्षण दिया जाना चाहिये केवल तब ही ये उद्योग चल सकते हैं। वैस्टर्न इण्डिया फेंच कम्पनी को सब से पहले विदेशी कम्पनी का सहयोग प्राप्त हुआ। यह खुशी की बात है कि संसार में प्रसिद्ध कुछ फर्मों ने भारतीय फर्मों को सहयोग दिया है और भारतीय भागीदारों से मिलकर भारत की प्रगति के लिये काम कर रहीं हैं।

Shri Sinhasan Singh (Gorakhpur) : I am glad that Government atonce takes decisions on the reports of Tariff Commission but I fail to understand why it is not so in the case of reports submitted by other Commissions. I hope that Shri Manubhai Shah will tale us the reason for that.

As more of the industries which are going to be deprotected are mainly associated with motor industries, may I therefore know from the hon. Minister whether the prices of scooter, motor-cycles etc. will be decreased as a result thereof?

When duty will not be charged on these goods and import will also be stopped then what will be its effect on the prices. I hope that the hon. Minister will throw some light on it.

The match boxes are also not available at the rates mentioned on them. The shopkeepers charge the prices they like. I hope Government will pay attention to it.

In case any concern fails to show its break ups even then the Tariff Commission does not take any action. I hope the hon. Member will tell the reason for that. Government should take a serious note of to it.

Shri Onkar Lal Berwa (Kotah) : The industries which will be deprotected are electric motors, power and distribution transformers and automobile sparking plugs etc. The products of these industries are mostly used by the agriculturists. It is therefore Government's duty to see that after deprotection agriculturisits do not suffer. Government is refusing help to small industrialits, but is giving crores of rupees to big industrialists. It would be better if Government stops help to big industrialists and gives to small ones.

Government is deprotecting these industries since 1966. I would submit that protection should continue till India becomes self-sufficient in foodgrains.

Shri Tulsidas Jadhav (Nanded) : In order to give protection to industries we will have to change our basic policy. The old policy to give protection to big industries which have nothing to do with the interest of the common persons should no longer be there. I think that agro-industrial policy would be more useful for the agriculturists and labourers of our country. We have to chalk out a policy which is in the interest of the people of our country. The small industrialists as are in Maharashtra should get the greatest encouragement and protection. The agriculturists too, on whom depends the whole nation should also get protection.

श्री मनुभाई शाह : माननीय सदस्यों ने जो इस विधेयक का समर्थन किया है इससे पता चलता है कि सरकार के निर्णयों की पुष्टि की गई है।

श्री ओंकार लाल जी ने जो भाषण दिया है उससे पता चलता है कि उन्हें कुछ गलतफहमी हो गई है। संरक्षण बन्द करने का अर्थ यह नहीं है कि गरीब किसानों को आजकल की दरों से अधिक दरों पर वस्तुएं मिलेंगी। इस विधेयक का सम्बन्ध तो विदेशों से आयात होने वाली वस्तुओं से संरक्षित करने का है। इसलिये मैं यह आश्वासन देता हूं कि इस विधेयक में ऐसी कोई बात नहीं है जिससे किसानों द्वारा अपेक्षित मोटरों, इंजनों तथा अन्य वस्तुओं के मूल्यों पर कोई प्रभाव पड़े और न ही संरक्षण हटने से बड़े उद्योगों की तुलना में छोटे उद्योगों पर प्रभाव पड़ेगा।

इस सम्बन्ध में मैं सभा को एक बात बताना चाहता हूं। प्रशुल्क आयोग के प्रतिवेदन के पृष्ठ 27 को देखने से पता चलेगा कि बिजली की मोटरों का उत्पादन जो 1948 में 12,000 था अब 2,20,000 तक पहुंच गया है जो लगभग 20 गुणा अधिक है। मैं यह भी बतलाना चाहता हूं कि कम "हार्स-पावर" तथा आंशिक "हार्स-पावर" की मोटरों बनाने में देश स्वावलम्बी हो चुका है। अब हम बड़े जनरेटरों, सर्किट ब्रेकर्स, स्विचगियर तथा टर्बाइनों का उत्पादन करना चाहते हैं। भोपाल में एक कारखाना पहले ही काम कर रहा है। हरिद्वार परियोजना भी शीघ्र ही चालू हो जायगी। आन्ध्र प्रदेश और मद्रास के कारखाने भी काम करना आरम्भ कर देंगे अतः सभा यह महसूस करेगी कि इन उद्योगों को संरक्षण देने की अब आवश्यकता नहीं है। इन उद्योगों ने काफी मात्रा में निर्यात करना भी आरम्भ कर दिया है।

चूंकि मैंने बहुत से प्रश्नों का उत्तर दे दिया है इसलिये मैं सभा का अधिक समय नहीं लेना चाहता हूं।

सभापति महोदय : प्रश्न यह कि :

"भारतीय प्रशुल्क अधिनियम, 1934 में अग्रेतर संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाये।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।/*The motion was adopted.*

सभापति महोदय : खण्डों के बारे में कोई संशोधन नहीं हैं।

प्रश्न यह है :

"कि खण्ड 1 और 2, अधिनियम सूत्र और विधेयक का नाम विधेयक में जोड़ दिये जायें"।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।/ *The motion was adopted.*

खण्ड 1 और 2, अधिनियमन सूत्र और विधेयक का नाम विधेयक में जोड़ दिये गये / *Clauses 1 and 2, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.*

श्री मनुभाई शाह : मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि विधेयक को पारित किया जाये।"

सभापति महोदय : प्रश्न यह है :

"कि विधेयक को पारित किया जाये।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।/ *The motion was adopted.*

रेलवे अभिसमय समिति के प्रतिवेदन के बारे में संकल्प

RESOLUTION RE : REPORT OF RAILWAY CONVENTION COMMITTEE

रेलवे मंत्री (श्री स० का० पाटिल) : मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि यह सभा सामान्य वित्त की तुलना में रेलवे उपक्रम द्वारा इस समय सामान्य राजस्व में दिये जाने वाले लाभांश की दर और रेलवे वित्त से संबंधित अन्य अनुषंगी मामलों का पुनर्विलोकन करने के लिये नियुक्त की गई समिति के प्रतिवेदन में, जो कि 29 नवम्बर, 1965 को संसद् में प्रस्तुत किया गया था, की गई सिफारिशों का अनुमोदन करती है।"

इस सभा के 12 सदस्यों और राज्य सभा के 6 सदस्यों की समिति लोक सभा में 11 मई, 1965 और राज्य सभा में 13 मई, 1965 को पास किये गये संकल्प के अनुसार बनाई गई थी।

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद यह चौथी अभिसमय समिति है जो इन मामलों पर विचार करने के लिये नियुक्त की गई है। मैं यह कहूंगा कि इस अवधि में रेलवे तथा सामान्यवित्त में सन्तोषजनक कार्यकारी सम्बन्ध स्थापित किये गये हैं तथा 1949 की अभिसमय समिति के सिद्धान्तों को बाद नियुक्त की गई समितियों ने ऐसे परिवर्तनों के साथ, जो अभिसमय के प्रत्येक संविधिक पुनर्विचार के समय की परिस्थितियों के अनुसार उचित हों, मुख्यत: स्वीकार किया है। अभिसमय के सामने मुख्य प्रश्न यह था कि रेलवे पर लगाई गई पूँजी पर कितना लाभ दिया जाये। पहली अभिसमय समिति तथा बाद की समितियों ने निर्णय किया कि पहले से निर्धारित की गई दर संतोषजनक और उचित है।

सभा को याद होगा कि 1949 की अभिसमय समिति ने लाभांश की दर 4 प्रतिशत निर्धारित की थी। यह दर 1950 और 1961 के बीच 11 वर्ष की अवधि तक चलती रही। और बाद में 1961 से 1966 की अवधि के लिये यह दर बढ़ाकर 4.25 प्रतिशत की गई। परन्तु 1 अप्रैल 1964 से उसे बढ़ाकर 4.5 प्रतिशत किया गया और बाद में फिर बढ़ाकर 5.75 प्रतिशत कर दिया गया।

[**उपाध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए**
MR. DEPUTY SPEAKAR *in the Chair*]

1960 की अभिसमय समिति ने यह भी व्यवस्था की थी कि रेलवे सामन्य वित्त को 4.25 प्रतिशत की दर से लाभांश के अतिरिक्त यात्री कर के स्थान पर 12.50 करोड़ रुपये वार्षिक दे और इस रकम को वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार राज्यों को दिया जाना था।

[श्री स० का० पाटिल]

वर्तमान अभिसमय समिति ने न केवल रेलवे द्वारा सामान्य राजस्व में देय लाभांश में वृद्धि की सिफारिश की है अपितु उसने राज्यों को दी जाने वाली सहायता की रकम बढ़ाने की भी सिफारिश की है। समिति ने यह भी सिफारिश की है कि 4.5 प्रतिशत की बड़ी दर को, जो पूर्णतः केन्द्रीय सरकार को दी जाती है, आगे के पांच वर्षों की अवधि के लिये जारी रखा जाये और रेलवे इसके अतिरिक्त वर्तमान 12.5 करोड़ रुपये के स्थान पर राज्यों को पहले से दी जा रही रकम से 1 प्रतिशत अधिक रकम दे। इस 1 प्रतिशत अतिरिक्त रकम को विशेष तरीके से खर्च किया जायेगा। राज्यों के लाभ के लिये रेलवे का अंशदान अब पहले से काफी अधिक होगा। इस अतिरिक्त 1 प्रतिशत से चौथी योजना के पहले वर्ष में 17.82 करोड़ रुपये प्राप्त होंगे और योजना के अन्तिम वर्ष में यह रकम बढ़कर 18.5 करोड़ रुपये हो जायेगी।

सरकार का विचार है कि राज्यों को इस समय यात्री कर के स्थान पर दी जा रही अर्थ सहायता को 12.50 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 16.25 करोड़ रुपये किया जाय। राज्यों को अपने विभिन्न सुरक्षा सम्बन्धी कार्यों के लिये अपेक्षित वित्त में सहायता देने के हेतु लगभग 1.8 करोड़ रुपये की औसत रकम वार्षिक दी जाये। इसके अतिरिक्त रेलवे द्वारा अप्रैल, 1964 से सामान्य वित्त में से दी जाने वाली समूची रकम पर 6 प्रतिशत वार्षिक व्याज दिया जायेगा और यह रकम केन्द्रीय सरकार अपने पास रख लेगी। रेलवे के अपने दृष्टिकोण से चौथी योजना में दो दरें होंगी अर्थात् 31 मार्च 1964 तक लगाई गई समस्त पूंजी पर 5.5 प्रतिशत तथा बाद में लगाई गई पूंजी पर 6 प्रतिशत दर होगी। रेलवे द्वारा दी जाने वाली अतिरिक्त रकम का अनुमान पंच वर्ष में लगभग 39 करोड़ रुपये लगाया गया है।

चौथी पंचवर्षीय योजना में रेलवे सम्पत्ति को बदलने का संभावित स्तर अभिसमय समिति द्वारा इस व्यावहारिक ढंग से स्वीकार किये गये स्तर से लगभग 650 करोड़ रुपये से अधिक अथवा औसत 130 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष है क्योंकि यह सम्पति बहुत पुरानी हो चुकी है और उसे अब बदलने की आवश्यकता है। समिति ने कहा है कि केवल इस बात की व्यवस्था करने के बजाय कि दिया जाने वाला वार्षिक अंश प्रतिवर्ष होने वाले मूल्य ह्रास के लिये प्राप्त है, यदि संभव हो तो एक साथ पांच वर्ष में होने वाले खर्च को पूरा किया जा सके, जिसका इस अवधि में बदला जाना आवश्यक है। इससे यह बात स्पष्ट हो जायेगी कि यदि पांच वर्ष में एकत्र हुई थोड़ी सी शेष निधि में से और कमी किये बिना सम्पति को बदलने की आवश्यकताओं को पूरा करना है तो यह दर आवश्यक है। तथापि समिति ने यह सिफारिश की है कि वित्तीय स्थिति को ध्यान में रखते हुए अंशदान यथा संभव बढ़ा कर औसत 130 करोड़ रुपये वार्षिक या इस रकम के लगभग कर दिया जाये।

इस सम्बन्ध में मैं एक बात स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि 1924-25 से पहले मूल्य-ह्रास निधि की व्यवस्था नहीं थी। बाद में भी इस पहले की अवधि में हुए मूल्य-ह्रास को पूरा करने का प्रयत्न किया गया क्योंकि बाद में कीमतें बहुत बढ़ गई थीं। इसका परिणाम यह हुआ कि स्वतंत्रता के बाद इसमें काफी धन की आवश्यकता पड़ी। मुझे आशा है एक बार मूल्य-ह्रास निधि पर्याप्त हो जाने पर बाद में इसके लिये अधिक धन की व्यवस्था करने की आवश्यकता नहीं होगी।

सभा को याद होगा कि पिछली अभिसमय समितियों ने कहा कि रेलवे की प्रयुक्त पूंजी में से कम से कम कुछ अनुत्पादक तत्वों के लिये ऋण नहीं दिया जाना चाहिए। इस समिति ने यह सिफारिश की है कि इस बारे में कुछ पहल किये जाने की आवश्यकता है और रेलवे रक्षित निधि की बाकी राशि पर ब्याज का उपयोग इस कार्य के लिये किया जाये तथा रेलवे रक्षित निधि में इतनी और रकम दे जो प्रतिवर्ष वित्तीय स्थिति को ध्यान में रखते हुए व्यवहार्य हो। समिति ने यह भी सिफारिश की है कि रेलवे विकास निधि में से उपभोक्ता सुविधाओं के लिये नियत 3 करोड़ रुपये की रकम को बढ़ाकर अगले पांच वर्षों के लिये 4 करोड़ रुपये कर दिया जाये।

समिति ने यह भी कहा है कि सामान्य राजस्व से आवश्यकता पड़ने पर रेलवे विकास निधि को अस्थाई ऋण देने की व्यवस्था की जाये।

सभा को विश्वास करना चाहिए कि ये सिफारिशें रेलवे तथा सामान्य राजस्व के हितों के लिये सर्वोत्तम हैं और यह संतोष की बात है कि ये सिफारिशें सर्वसम्मति से की गई है।

उपाध्यक्ष महोदय : प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ।

श्री अल्वारिस : अभी हम वित्त आयोग की रिपोर्ट पर चर्चा कर रहे थे।

उपाध्यक्ष महोदय : आप अपना भाषण कल जारी रखें।

कार्यवाही वृत्तान्त से कुछ अंश निकाले जाने के बारे मे
RE : EXPUNCTION

उपाध्यक्ष महोदय : अध्यक्ष महोदय ने रिकार्ड की जांच कर के कतिपय वाक्यांशों * को कार्यवाही वृत्तान्त से निकालने का आदेश दिया है। समाचार पत्र सभा की कार्यवाही वृत्तान्त से निकाले गये वाक्यांशों को प्रकाशित न करें।

श्री हरि विष्णु कामत (होशंगाबाद) : सभा को बताया जाये कि कौन कौन वाक्यांश निकाले गये हैं।

उपाध्यक्ष महोदय : ये रिपोर्टरों के पास हैं। माननीय सदस्य जा कर देख सकते हैं।

---

†पंजाब में नलकूपों के लिये बिजली का दिया जाना
‡SUPPLY OF ELECTRICITY FOR TUBE-WELLS IN PUNJAB

Shri Rameshwaranand (Karnal) : Mr. Deputy Speaker Sir, water is essential for increasing food production. If rains fail we will not have water in rivers for irrigation purposes. Therefore, we have to depend on some other sources of irrigation for the purpose.

Due to failure of rains in Punjab in the current year the cannals are drying up and the water is not available for irrigation purposes. Even the little water which is there is not being distributed properly. There is a general complaint among the villagers that they are not getting water for irrigation. They are also being deprived of electricity connections on the plea that there is a shortage of transformers where as the hon. Minister has stated in his reply that there is no shortage of transformers in Punjab. Hundreds of applications are pending for electricity connections for several years but no action has been taken on them.

So far as the sinking of tube-wells the progress is very slow. During the last six months only 4215 tube-wells have been sunk in Punjab whereas the target for the year was fixed 11,000 tub-wells. There is a widespread corruption in the department. The officers concerned take bribes for doing a work. There is much delay for sanctioning loans to farmers for the sinking of tube-wells. People have to spend a lot before getting loans for the purpose. The hon. Minister may go there and ascertain the facts personally.

I hope the government will look into the matter and do the needful.

---

*देखिये अल्पसूचना प्रश्न संख्या 8।

Please See S. N. Q. No. 8.

†आधे घंटे की चर्चा।

‡Half-an Hour Discussion.

Shri Hukam Chand Kachhavaiya (Dewas) : May I know whether the electricity is being supplied to the agriculturists and industrialists at different rates and whether any steps proposed to be taken to remove this discrimination?

Shri Onkar Lal Berwa (Kotah) : May I know whether Government have instructed the Municipal Committee that the water should not be used for gardening and if it is used whether the rates would be lower or higher ?

सिंचाई और विद्युत मंत्री (श्री कु० ल० राव) : यह सराहनीय बात है कि स्वामी जी ने दो महत्वपूर्ण प्रश्न उठाये हैं। एक नहरों के पानी के सम्बन्ध में और दूसरा नलकूपों से पानी के सम्बन्ध में उठाया है। नहरों के सम्बन्ध में यह कहना चाहता हूं कि पंजाब में नहरों से 40 लाख एकड़ भूमि में रबी की फसल के लिये और 40 लाख एकड़ भूमि में खरीफ की फसल के लिये सिंचाई होती है। यह सराहनीय बात है कि इस वर्ष नदियों में पानी की कमी होते हुए भी पंजाब सरकार ने 40 लाख एकड़ से भी अधिक भूमि में सिंचाई की। पंजाब सरकार अन्य साधनों का उपयोग करके मांग को यथासंभव पूरी करने का प्रयत्न कर रही है। पंजाब की जनता ने शत्रु के साथ युद्ध के मोर्चे पर और देश में खाद्य मोर्चे पर अत्यन्त सराहनीय कार्य किया है जिसके लिये हम सब उसके आभारी हैं। नदियों में कम पानी होते हुए और वर्षा न होते हुए भी पंजाब अपनी आवश्यकता से अधिक अनाज पैदा करता है और अन्य राज्यों की सहायता करता है जिसके लिये राज्य सरकार बधाई की पात्र है।

यह सच है कि स्वामी जी तथा पंजाब के सिंचाई और विद्युत मंत्री ने मुझसे कई बार पंजाब आने का अनुरोध किया। समय मिलने पर मैं वहां जाऊंगा। वहां पर कृषि का काफी विकास हुआ है। यदि उन्हें पर्याप्त मात्रा में पानी मिले तो वहां और अधिक विकास किया जायेगा।

जहां तक पंजाब में नलकूपों के लिये बिजली देने का सम्बन्ध है, यह ठीक है इस सम्बन्ध में अभी बहुत कुछ काम करना बाकी है। पंजाब में तीन किस्म के—साधारण, निजी और सरकारी—ढाई लाख कुएं हैं जिनसे 25 लाख एकड़ भूमि में सिंचाई होती है। अभी तक केवल 22,500 कुओं के लिये बिजली की व्यवस्था है। इस प्रकार अभी बहुत काम शेष है। हमारी भी कुछ सीमायें हैं जिनके अन्तर्गत हमें काम करना पड़ता है। आज से चार-पांच वर्ष पहले प्रति-वर्ष केवल 2,000 कुओं को बिजली दी जाती थी किन्तु पिछले वर्ष यह संख्या बढ़ कर 6,900 तक पहुंच गई और आशा है यह अगले वर्ष बढ़ कर 16,000 तक पहुंच जायेगी। इस के लिये पर्याप्त मात्रा में धन की आवश्यकता है। फिर भी पंजाब सरकार आवश्यक धन की व्यवस्था करके बिजली की व्यवस्था करने का कार्य बड़ी तेजी से कर रही है।

इस समय राज्य बिजली बोर्ड के पास 16,400 प्रार्थनापत्रों पर कार्यवाही की जानी शेष है। यह संख्या बढ़ती जा रही है क्योंकि प्रति माह 1,600 प्रार्थनापत्र आते हैं और उनमें से केवल 1,500 प्रार्थनापत्रों पर निर्णय किया जाता है। बोर्ड को प्राप्त हुई 16,400 प्रार्थनापत्रों में से 5,500 पर आदेश जारी किये गये हैं। परन्तु वर्तमान आपातकालीन स्थिति में राज्य बिजली बोर्ड को ऐसे उपाय करने चाहिए जिससे कि औपचारिकताओं को पूरा करने में कम समय लगे। मैं इस सम्बन्ध में राज्य बिजली बोर्ड से कहूंगा कि वह अपने पदाधिकारियों को उपभोक्ताओं से सम्पर्क स्थापित करने के लिये भेजे जो आवश्यक औपचारिकताओं को कम समय में पूरा करने का प्रयत्न करें। इसी प्रकार प्राक्कलन तैयार करने के लिये 6,200 प्रार्थना-पत्र अनिर्णित पड़े हैं। बोर्ड को इस कार्य के लिये और अधिक अधिकारी लगाने चाहिए। यह कार्य शीघ्र पूरा किया जाना चाहिए :

Shri Rameshwaranand : As I have already stated that the State Electricity Board has sufficient electricity but there is a mismanagement in its supply. I may tell you about Karnal.

डा० कु० ल० राव : स्वामी जी की बात की सत्यता के बारे में कुछ नहीं कह सकता। किन्तु हमें बड़ी तेजी से कार्य करना पड़ता है। हम सदा यह प्रयत्न करते हैं कि किसी प्रकार का भ्रष्टाचार न हो। मैं इस ओर पंजाब सरकार का ध्यान आकर्षित करूंगा।

जहां तक सामान का सम्बन्ध है, यह सराहनीय बात है कि पंजाब में ट्रांसफार्मरों की कमी नहीं है। किन्तु एल्यूमिनियम, तांबे, जस्ते आदि आवश्यक वस्तुओं की कमी न केवल पंजाब में अपितु समूचे देश में है। मैंने इस सम्बन्ध में सभी बिजली बोर्डों के प्रधानों को सुझाव दिया है कि वे अगले दो वर्ष के लिये अपनी आवश्यकता एक साथ भेज दें ताकि उसकी व्यवस्था की जा सके। हम इस बात का प्रयत्न कर रहे है कि सामान मांग यथासंभव पूरी की जाये।

मैं समझता हूं कि इस समस्या को बहुत अच्छे ढंग से हल किया जा रहा है फिर भी कुछ ऐसे पहलू है जिनमें सुधार करने की आवश्यकता है। जहां तक बिजली की दरों का सम्बन्ध है, पंजाब में ये दरें देश के अन्य भागों की तुलना में कम हैं। यह ठीक है कि उद्योगों को दी जाने वाली बिजली की दरों की तुलना में कृषिकार्यों के लिये दी जाने वाली बिजली की दर अधिक हैं। किन्तु यह भारत में कोई विशेष बात नहीं है। सारे विश्व में उद्योगों को अन्य क्षेत्रों की तुलना मे कम दर पर बिजली दी जाती है।

इसके पश्चात् लोक-सभा गुरुवार, 9 डिसम्बर, 1965/18 अग्रहायण, 1887 (शक) के ग्यारह बजे तक के लिये स्थगित हुई।

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Thursday, December 9, 1965/*Agrahayara*, 1887 (*Saka*).

GIPN—S6—15 Lok Sabha/66—600